In summary, while there have been strides in improving both school and higher education, substantial challenges remain. We must address issues related to funding, teacher quality, infrastructure, and student employability with a sense of urgency and commitment. By implementing the recommendations of various committees and policies, and ensuring better resource allocation and management, we can make significant progress toward an equitable and high-quality education system.

Let us commit to working together to overcome these challenges and build an education system that truly serves the needs of every student in our nation.

Thank you.

**SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI):** One of the foremost challenges facing India today is the high rates of unemployment among its youth, particularly its educated youth. In 2022, the rate of unemployment among youths with a secondary or higher level of education, 18.4%, and among graduates, 29.1%, was six times and nine times greater than the unemployment rate among persons who cannot read or write, respectively. This es that Indicates India's education system has failed to equip a large proportion of its students with the skills required for gainful employment in the modern world, and that it must be substantially reformed.

Under the New Education Policy 2020, India aims to increase its total expenditure on education to 6% of GDP, but this announcement was of little significance without a clear, time-bound roadmap to reach this level of public investment. At present, this figure hovers around 3%. Despite the government's lofty claims, however, Central government spending on education has declined marginally from about 0.39% of GDP in the Budget 2023-24 to 0.38% of GDP in 2024-25. This budget also utterly fails to realise the NEP's five pillars of access, equity, quality, affordability, and accountability in education, and is a step backward in many ways.

**Budgetary Allocation**

The budgetary allocation for schools increased by 4.2% from Rs 68,804 crore in 2023-24 to Rs 73,008 crore in 2024-25, a meagre growth from the revised estimate of Rs 72,473 crore in 2023-24. Higher education received Rs 47,619 crore in 2024-25, an increase of 7.68 percent from Rs 44,094 crore in 2023-24. However, this allocation falls significantly short of the revised estimates on spending for 2023-24, Rs 57,244.

**Centralisation of Education**

Funding for the University Grants Commission has been slashed by more than 60%, from a revised estimate of Rs 6409 crores in 2023-24, to Rs 2500 crores in 2024-25. Meanwhile, the allocation for grants to Central Universities has been increased by more than Rs 4000 crores. These universities are all controlled and funded by the Central government, and admissions to them are conducted on the basis of a common entrance test.

The New Education Policy expressed concern about the presence of over 800 universities and 40,000 colleges across India, which it termed the 'fragmentation' of education in the country. While there is certainly a need to better regulate and fund state and local institutions, the value these institutions offer is immense. They cater to the needs of students in backward and neglected areas, allow the socio-cultural diversity of the country to be reflected in the educational curriculum, and their decentralised autonomy is a bulwark against attempts to bring education under authoritarian control.

The NEP also proposes to dissolve several existing regulatory bodies including the UGC, AICTE and National Council for Teachers Education (NCTE) to create a singular entity called Higher Education Commission of India (HECI) to regulate key aspects of education. It is inevitable that this will be a top-heavy body with massive intervening powers. No other established and large federal system has such an overarching regulatory body for the entire country.

So, while any increase in investment in Central Universities is welcome, this reallocation of funds appears to be a part of the New Education Policy's dangerous tilt towards the over-centralisation of education. Moreover, it is the state

universities that are in the direst need of funds, and providing this is essential to realising the mission of providing equitable access to education.

**Funding**

In the 2023-24 Budget, the allocation for the Indian Institutes of Management was slashed by nearly 500%, from Rs 654 crores in 2022-23 to only Rs 300 crores. This year, funding for the IIMs has been further cut down by Rs 88 crores to Rs 212 crores. The quality of education offered by these institutions cannot be brought into question, but the exorbitantly high tuition fees they charge in the absence of substantial government funding have become a serious financial burden on students, excluding many who come from marginalised backgrounds. The fees for IIM Ahmedabad, for instance, rose from ₹ 4 lakh in 2007 to 27 lakh at present, making some of the best education India offers inaccessible to the vast majority of its citizens.

Perhaps even more concerning, however, is the continued imbalance in funding for flagship institutes like the IIT's, NITs and IIMs versus other institutes of higher education. IITS, NITs and IIMs together educate less than 5% of India's total students, yet they receive nearly 40% of the funding for 'Autonomous Bodies' under the Ministry of Education, which includes not only the UGC and Central Universities, but also the prestigious Indian Institute of Science (IISc) and Indian Institute(s) of Science, Education and Research (IISER). This government has repeatedly stated its commitment to 'democratising' education, but this will be an impossible task unless it looks into this inequitable distribution of funding that deprives the vast majority of India's students of a quality higher education.

**Examination Reform**

The examination irregularities that have rocked the country in the last few months, particularly the NEET-UG leak, have shaken students' faith in India's examination system. This Budget presented the government with an opportunity for course correction, by bringing in examination reform. Instead, the government chose to entirely neglect the subject, ignoring recommendations made by experts regarding the enhancement of security measures, such as developing advanced infrastructure for holding exams, setting up exam centres at government institutions and adequate staffing of permanent employees at the NTA.

**PM POSHAN**

The costing norms for the Supplementary Nutrition Programme under. Saksham Anganwadi and Poshan 2.0 have not been revised since 2017, ranging between Rs 8 per beneficiary per day for children below the age of six, to Rs 12 per beneficiary per day for the severely malnourished. The cost of food has soared in recent years, with inflation rates frequently hitting the double digits. Undoubtedly, it is no longer possible that the nutritional needs of the beneficiaries of the POSHAN Abhiyaan continue to be fulfilled by this meagre allocation. It is essential that the Cabinet Committee on Economic Affairs revise the costing norms under this programme to meet the needs of India's children.

**Startup India**

The Startup India Initiative in Higher Educational Institutions has been allocated no funds whatsoever. While it was allocated Rs 11.21 crores in the Budget 2023-24, revised estimates for the year suggest that nearly five times that amount of funds were utilised under the scheme. Rather than examining the reasons behind this overspending and considering a proportionate increase in the allocation, the government has opted to entirely neglect it.

**GST on Educational Products and Services**

The imposition of 18% GST on private schools and higher education institutes and coaching centres is a significant financial burden on parents. This tax is also levied on the services of EdTech platforms, which have made affordable coaching classes accessible to all sections of society. I urge the government to lower or eliminate the GST on these products.

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) : मैं शिक्षा मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर अपने विचार रखना चाहता हूँ ।

मेरा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और जनपद बलरामपुर जो भारत - नेपाल की सीमा से लगा हुआ है**,** उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा आकांक्षी जनपद है । जो भगवान गौतम बुद्ध की धरती भी है । यह एक अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ स्थली है यहाँ देश विदेश से लाखो तीर्थ यात्री और बौद्ध भिक्षु हर साल दर्शन करने आते हैं । आजादी के **77** साल बाद भी श्रावस्ती जनपद शिक्षा के क्षेत्र में अति पिछड़ा है । जिसमें अनुसूचित जाति अनूसूचित जनजाति पिछडे और अति पिछडे वर्ग के लोग सबसे ज्यादा निवास करते हैं ।

आज जिस तरीके से पूरे देश में  बार-बार पेपर लीक हो रहा है सरकार कहीं न कहीं इसके लिए संवेदनशील नहीं है ।  इससे देश के गरीब बच्चों का समय और पैसा दोनों का भारी नुकसान हो रहा है। बढ़ती कमरतोड़ महंगाई के दौर में बच्चों की शिक्षा आज बहुत ही महंगी हो गयी है ।  शिक्षा का स्तर गिरा हुआ है । उच्च शिक्षा हेतु बच्चों को दूसरे देशों पर निर्भर होना पड़ रहा है ।  शिक्षा व्यवस्था की हालत जर्जर हो गई है ।  देश मे फ्री शिक्षा व्यवस्था लागू होना चाहिए ।

मेरा लोक सभा क्षेत्र श्रावस्ती है जिसका नाम आज भी उत्तर प्रदेश के सबसे पिछड़े जनपदों में सबसे नंबर एक पर आता है जहां आज भी शिक्षा की बुनियादी सुविधाओं, इनफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों एवं स्टाफ की भारी कमी है । यहाँ आज भी अच्छे स्कूल नहीं है । इंटर कालेज नहीं है । इंजीनियरिंग कालेज नहीं हैं । तकनीकी शिक्षा के लिए कोई विद्यालय/ विश्वविद्यालय नही है ।

सरकार को इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए । आज भी यहाँ के छात्रों को उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, रोजगार परक शिक्षा की कोई सुविधा नही मिल पा रही है । जबकि इसी लोक सभा क्षेत्र से ही स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी बाजपेयी जी (पूर्व प्रधानमंत्री) भी चुन कर आए थे । यह क्षेत्र भगवान बुद्ध की तपोस्थली रही है । मेरी भारत सरकार के साथ-साथ प्रदेश सरकार से मांग है कि मेरे दोनों जनपद श्रावस्ती और बलरामपुर में अभी भी प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय की भी कमी है । नये विद्यालय बनावाए जाएं । इंटर कालेज, डिग्री कालेज, इंजीनियरिंग कालेज और तकनीकी शिक्षा के लिए विद्यालय/ विश्वविद्यालय खोला जाए और साथ ही देश में फ्री शिक्षा व्यवस्था लागू की जाए । उच्च शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए श्रावस्ती जनपद के साथ-साथ अन्य सभी पिछड़े हुये जनपदों को प्राथमिकता देकर शिक्षा के स्तर को सुधारा जाए ।

आज देश में गरीब, मजदूर की संख्या बढ़ रही है अगर फ्री शिक्षा व्यवस्था होगी तो देश के हर गरीब के बच्चे पढ़ पाएंगे जिससे शिक्षित समाज विकसित होगा । और एक-एक घर आगे बढ़ेगा, गाँव आगे बढ़ेगा, जिला आगे बढ़ेगा, प्रदेश आगे बढ़ेगा और इसी तरह पूरा देश आगे बढ़ेगा ।

आज पूरे देश में नीट पेपर लीक मामले को लेकर आक्रोश है । पिछले **7** सालों में करीब **70** बार पेपर लीक और परीक्षा रद्द हुये हैं । देश के भविष्य कहे जाने वाले छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है । इसलिए सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है । धन्यवाद ।

**SHRI G. KUMAR NAIK (RAICHUR):** I would like to express my views on Budgetary Grants indicated for education. The speech of the hon. Finance Minister and the grants shown should be understood in the context of what is happening since the last 10 years when the NDA/BJP Government came to power.

The trends which could be easily summed up as four Cs - Centralization, communalization, corporatization and commodification.

**Centralization**

Education being a Concurrent Subject is the responsibility of the State government as well as the Central Government. RTE makes education a matter of right. At the centre of this process is the child. Hence you hear the word ?child centric?. Home is the first school. Next layer is the physical school located in the community. This is where the process of education happens. In this process, even the State Government is an entity further away, taking care of supply side like construction of schools, appointing teacher etc.

It is recognized that SSA is the instrument for realizing the goals of RTE. However, this Government believes in greater and greater centralization. States are being forced to sign MoU with the Ministry to implement PM SHRI programmes.

West Bengal, Delhi and Punjab have not received funds owing to their demand for flexibility and independence. Central Government wants to have a say in the class room transaction also as to what is being taught in the classroom and how it is taught.

Track record of the Central Government as a funding agency is also very poor. SSK funding is oblivious to the level of RTE compliance in the schools across the country.

Instead of being child centric, it is today PM centric or publicity centric. Beti Bachao, Beti Padhao for 2021-24 was allocated Rs. 605 core of which Rs. 409 crore were used for advertisement purposes only.

SSK grants are getting reduced. Sadly, most of SSK grants is garnered from various education cess.

**Communalization**

Directive principles encourage promotion of scientific attitude. What is happening with our syllabus is sadly astonishing and sad. Darwin?s Theory of Evolution, periodic table have been removed. History seems to be a favourite playground for the BJP. Reading history in a communal lens is a crime. It is detrimental to the development of child into a responsible, balanced and healthy citizen. You do not seem to have guts to learn from mistakes in recent past. References to Godse, Babri Masjid demolition have been removed. Truth cannot be brushed under the carpet.

**Corporatization**

School management seem to be taking the shape of corporate bodies keeping a profit and loss accounts with profit being the sole purpose. Unbridled expansion leading to chain of schools offering curriculum which is different from Government owned public school, curriculum of CBSE, ICSE and IB are pushed across the country. High fee structure ensures that this is only for rich sections of society. Education loans are designed to facilitate movement of students from Government owned institutions to private institutions. Education is no longer a public good. Now running a school is a profit making activity.

**Commodification**

Education service is today akin to cafeteria/mall. Each one to choose as per his choice mostly on the basis of the ability to pay. These trends which had begun earlier have been given impetus by the policies of the Government in the last 10 years. The Budget also pushes the sector in the same direction. Closure of Government schools in thousands every year is highly deplorable. Increase the Budget. Make the schools RTC compliant and ensure children/parents do not feel the need to move away from Government schools.

**Higher Education in universities**

Less said the better regarding the universities and higher education institutions. Budget for UGC have been drastically reduced by 61 per cent. Is this not a clear case of abdication by this Government?

I urge the Finance Minister to increase the allocation to the Education Department so as to get the sector back on track. Present trend of 4 Cs has to be decisively reversed and only then Sabka Saath Sabka Vikas can have some meaning.

**श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) :** मैं शिक्षा मंत्रालय के बजट पर अपनी बात रखना चाहता हूँ । मैं अपनी ओर से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी और शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी का भी हार्दिक आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने वर्ष 2024-25 के शिक्षा मंत्रालय के बजट में देश के व्यापक हित में महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं और एजुकेशन बजट में 31 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोत्तरी की है.

शिक्षा किसी समाज में सदैव चलने वाली वह सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान, एवं कला कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है और इस प्रकार उसे सभ्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है । इसके द्वारा व्यक्ति एवं समाज दोनों निरन्तर विकास करते है ।

हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए माननीय वित्त मत्री ने शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए बजट आवंटन में 30 प्रतिशत की वृद्धि की है । इससे यह राशि 1.48 लाख करोड़ रुपये हो गई है । उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात जो वर्तमान में 28 प्रतिशत है, उसे बढ़ाने के लिए शिक्षा ऋण के लिए ई-वाउचर पेश किए गए हैं और महिलाओं को पहली बार नौकरी पर अतिरिक्त वेतन का प्रावधान है । हर साल 25,000 छात्रों की मदद के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना में संशोधन का प्रस्ताव है । भारतीय संस्थानों में उच्च शिक्षा हासिल करने के इच्छुक स्टूडेंट्स को 10 लाख रुपये तक के एजुकेशन लोन के लिए ई-वाउचर दिया जाएगा । ये ई वाउचर हर साल 1 लाख स्टूडेंट्स को ऋण राशि के 3 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज छूट के लिए दिए जाएंगे । कामकामी महिलाओं के लिए महिला हॉस्टल और शिशु गृहों की स्थापना की जाएगी ।

माननीय वित्त मंत्री ने बजट में हायर एजुकेशन के लिए लोन और इंटर्नशिप से जुड़ी योजनाओं का भी ऐलान किया है और निम्नांकित प्रावधान भी किए हैं :-

- सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाएगी ।

- छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी ।

- घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार 10 लाख रुपये तक के लोन के लिए वित्तीय सहायता देगी । हर साल एक लाख छात्रों को ई-वाउचर दिए जाएंगे ।

- बजट में हर साल 25,000 छात्रों की मदद के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना में संशोधन का भी प्रस्ताव है ।

- सरकार संवर्धित कोष की गारंटी के साथ 7.5 लाख रुपए तक की लोन सुविधा के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना को संशोधित करेगी. इससे हर साल 25 हजार स्टूडेंट्स को मदद मिलेगी ।

इस बजट में सरकार ने 500 टॉप कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने की भी एक योजना बनाई है । इसमें इंटर्नशिप भत्ते के रूप में 5000 रुपये महीने और 6000 रुपये की एकमुश्त सहायता भी देगी । हमारी सरकार देश के सभी गरीब छात्र/छात्राओं को माध्यमिक स्तर से लेकर हायर एजूकेशन की शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है । देश की शिक्षा प्रणाली में आजादी के बाद विगत 10 वर्षों में जो सुधार देखने को मिले हैं, वह इससे पहले नहीं दिखाए दिए । देश में स्टार्टअप संस्कृति को भी बढ़ावा मिला है, और वर्तमान में भारत में 1 लाख 40 हजार स्टार्टअप्स चल रहे हैं. यह युवा उद्यमियों और नई तकनीकों के विकास का स्पष्ट संकेत है, जो भारत को आर्थिक मोर्चे पर और मजबूत बना रहा है । कांग्रेस ने दशकों तक केन्द्र में शासन किया है । लेकिन, उसने शिक्षा की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया और आज वह बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी का नाम लेकर देश को गुमराह कर रही है ।

यह बहुत ही खेदजनक है कि विपक्षी दलों के गठबंधन, जिसमें कांग्रेस प्रमुख है, ने हाल ही में हुए लोक सभा चुनाव के दौरान भारतीय संविधान का यह कहकर खूब दुष्प्रचार करके आम लोगों को गुमराह किया कि आने वाले समय में भाजपा सरकार संविधान को बदल देगी । कांग्रेस ने आम लोगों को गुमराह करके राष्ट्र विरोधी कार्य करते हुए देश को कमजोर करने का प्रयास किया, जो निंदनीय है। यह किसी से छिपा नहीं है कि कांग्रेस जिसने दशकों तक अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के साथ भेदभाव किया तथा बाबा साहेब को भी चुनाव हरा दिया तथा उन्हें भारत रत्न नहीं दिया और देश में आपातकाल लगाकर संविधान को समाप्त करने की कोशिश की, आज वही कांग्रेस संविधान की आड़ लेकर देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है । यह भी किसी से छिपा नहीं है कि आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने संविधान दिवस मनाने का विचार सामने रखा, जिसका कांग्रेस ने विरोध किया । यह सच्चाई है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े "पंचतीर्थ" विकसित किए गए । हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी का स्पष्ट कहना है "हमारी सरकार संविधान का सम्मान करती है । अगर बाबा साहेब अंबेडकर भी आ जाएं तो वे इसे खत्म नहीं कर सकते । सरकार के लिए संविधान गीता, रामायण, महाभारत है । हमारे लिए संविधान ही सब कुछ है ।"

अंत में, मैं पुनः शिक्षा मंत्रालय के बजट का समर्थन करता हूं । धन्यवाद सहित ।

श्रीमती भारती पारधी **(**बालाघाट**) :** माननीय सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात रखने का अवसर दिया है । आज मैं इस सदन में वर्ष 2024-25 की डिमांड्स फॉर ग्रॉन्ट्स पर अपनी बात रखते हुए खुद को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं ।

मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में ?सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास? के मंत्र को अपने हर कदम पर अपनाया है । वर्ष 2024-25 के लिए जो अनुमोदन प्रस्तुत किया गया है, वह देश के हर वर्ग के उत्थान और विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है । यह अनुमोदन हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचों के सुधार में नए आयामों को प्रस्तुत करता है ।

?जितने भी महान जवान हुए हैं,

जितने भी मेहनती किसान हुए हैं,

सभी अपने क्षेत्रों में शिक्षा से ही धनवान हुए हैं,

जब पूरे आज़ाद गगन में,

खुशियों के अपार चमन में,

शिक्षा का परचम लहराएगा,

भारत शिक्षित कहलाएगा ।?

महोदय, मैं आज इस सदन में अपने संसदीय क्षेत्र बालाघाट-सिवनी के लिए शिक्षा मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा करने के लिए खड़ी हुई हूं । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा था कि शिक्षा ही वह साधन है, जिससे हम अपने सपनों को साकार कर सकते हैं ।

सभापति महोदय, शिक्षा के क्षेत्र में मेरी कुछ मांगें हैं, ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट का शिक्षा के क्षेत्र में उत्थान हो सके । वहां नए स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना की जाए, ताकि बालाघाट के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहना पड़े, क्योंकि मेरा क्षेत्र ट्राइबल क्षेत्र कहलता है । इसके लिए प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर नए विद्यालयों की स्थापना की जाए । तकनीकी और पेशेवर शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग, मेडिकल और प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना की जाए । इससे हमारे युवाओं को अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा । गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों की अहम भूमिका होती है । नए शिक्षकों की भर्ती और नियुक्ति की जानी चाहिए, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके । नवीनतम शिक्षण तकनीकों और पद्धतियों पर शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए विशेष प्रावधान किए जाएं । यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे शिक्षक उच्चतम मानकों के अनुरूप शिक्षण कर सकें । स्कूल भवनों का निर्माण और मरम्मत के लिए अनुदान मिले, ताकि स्कूल भवनों की मरम्मत और नए भवनों का निर्माण हो सके, जिससे छात्रों को सुरक्षित और सुसज्जित वातावरण मिल सके ।

महोदय, शिवनी-बालाघाट के विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना के लिए अनुदान मिले । ई-लर्निंग, डिजिटल शिक्षा सामग्री, टैबलेट और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए । विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के लिए विशेष केंद्रों की स्थापना की जाए । माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों का समावेश किया जाए । इन अनुदानों के माध्यम से

शिवनी-बालाघाट के शिक्षा क्षेत्र में सुधार हो सके और वहाँ के बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर कर सकें । मैं ऐसी अपेक्षा करती हूं । इससे शिवनी-बालाघाट के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सकेगा और इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा । ऐसा मेरा मानना है ।

महोदय, बीते 10 वर्षों में मोदी जी ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय काम किये हैं, जैसे ?सर्व शिक्षा अभियान? के माध्यम से शिक्षा को नई ऊर्जा और दिशा मिली है । इस अभियान के माध्यम से प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर नामांकन दर में वृद्धि हुई है । सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 से 2022 के बीच प्राथमिक शिक्षा में नामांकन दर 96 प्रतिशत से बढ़कर 98 प्रतिशत हो गई है । हम मोदी सरकार को धन्यवाद देना चाहते हैं । उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, ?राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020? एक मील का पत्थर साबित हुई है । इस नीति का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार करना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है । इसके तहत ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो (GER) को 50 परसेंट तक बढ़ाने का लक्ष्य है, जो वर्ष 2019-20 में 27.1 प्रतिशत था । ?दीक्षा? और ?स्वयं? जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा को घर-घर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । ?स्वयं? पोर्टल के माध्यम से दो करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने ऑनलाइन कोर्सेस में नामांकन किया है ।

महोदय, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना की गई है । अब तक 10 हजार से अधिक स्कूलों में ये लैब्स स्थापित किए जा चुके हैं, जहां विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक का प्रशिक्षण मिलता है । मोदी सरकार ने रोजगार, शिक्षा और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े वित्त मंत्री द्वारा बजट 2024-25 में प्रस्तुत किये गए हैं । यह सब हो रहा है, क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है । इन्ही प्रगतिशील आंकड़ों में बालाघाट-शिवनी के आंकड़े भी हों, मैं ऐसी कामना करती हूँ । इन अनुदानों के माध्यम से हम बालाघाट-शिवनी के शिक्षा के क्षेत्र में सुधार कर सकें और वहाँ के बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर कर सकें, मैं ऐसी अपेक्षा करती हूं । हम बालाघाट-शिवनी के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार ला सकें और इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा में शामिल कर सकें, यही मेरा संकल्प रहेगा । अंत में मैं यही कह कर अपनी बात को विराम देना चाहूंगी कि ?पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया? । धन्यवाद ।

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Thank you, Sir. I shall be very brief because I have very little time.

I would like to say that education in India has dwindled to a bad situation. Currently, India has nearly 50,000 colleges and 1,100 universities. Fifty per cent of them are in the private sector. Education has become a place to make money by big capitalists. But this expansion in education shows lack of quality and uniformity.

Dear Member, would you let the Minister listen to my speech? ? (*Interruptions*) मंत्री जी, आप कृपया मेरी बात सुनें ।

I mentioned in the House the other day that there are no world-class institutions in India. BJP has got so much time. Why can you not build a single Oxford or Cambridge or Harvard or MIT or a University of California? Even you have not brought a university of the standard up to Singapore?s National University or the

Beijing University. Unless you can improve the standard of education in higher educational institutions, our best students will go abroad. Last year, I mentioned that 8,96,000 students went abroad from India. This is a brain drain which ought to be stopped.

I also want to mention that ? (*Interruptions*) मैं सीरियस बातें यहां बोल रहा हूं, आप कृपया उनको सुनिए । ? (व्यवधान) आप तो डॉक्टरैट हैं, लेकिन कहां से, मैं उसके बारे में यहां नहीं बोलना चाहता हूं । वह महुआ जी बोलेंगी ।

I want to mention that Budget Estimate for Education is only 2.7 per cent of GDP. It got reduced from 2.9 per cent in 2022-2023 to 2.7 per cent. Now, one has to remember that according to UNESCO and World Bank studies, every dollar invested in primary education returns 15 to 25 per cent. So, how can you expect the standard in India to improve with such meagre allocation for education? As Prof. Amartya Sen never tires of speaking that unless you can improve primary education and health, the country will never go forward.

India?s educational sector ranks 39$^{th}$ out of 67 countries in the IMD World Competitiveness Rankings 2024. I would like the Education Minister -- as he has got five years at hand if the Government lasts -- to at least make one world-class university that can compare with the best in the world. Otherwise, what is the point of having so many IITs, IIMs, IISERs, etc. at Central level? You are giving money, but you are not producing quality, and without quality you cannot compete.

You would say that well, Indians are doing so well abroad. There is one Sundar Pichai in Google and one Satya Nadella in Microsoft, but most of the Indians who are going abroad are working as cyber coolies in American multinationals. This should stop.

Lastly, I want to make a request to the Education Minister. I am told that you have influence in the ... * Why do not you persuade the ...* to stop interference in education? ? (*Interruptions*)

डॉ**.** निशिकान्त दुबे **(**गोड्डा**) :** सर, माननीय सदस्य गलत बोल रहे हैं । ? (व्यवधान)

प्रो**.** सौगत राय **:** सर, मैंने क्या गलत बोला है? ? (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Prof. Sougata Ray ji, please conclude.

? (*Interruptions*)

डॉ**.** निशिकान्त दुबे **:** सर, इनका भाई ? * से है । यह क्या बात कर रहे हैं ।?(व्यवधान)

**PROF. SOUGATA RAY:** Sir, ... **has changed the history textbook. ? (*Interruptions*) They have omitted the Mughal period from our history. ? (*Interruptions*)

They have destroyed our university. There was one Vice Chancellor of Visva Bharati University, by name ...** who installed two plaques for Santiniketan, in which he wrote only his name and Shri Narendra Modi?s name. It is a matter of shame. ? (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Please sit down. Please conclude.

*?(Interruptions)*

**PROF. SOUGATA RAY :** You have one ...**** who is a Professor in the Department of Electrical Engineering at IIT. He was made the Chairman of the UGC. Why? It is because he was recommended by the ...**** You cannot run the universities with such type of people. ? (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** This is an allegation without any basis. It cannot be taken on record. Kindly be seated.

**PROF. SOUGATA RAY:** Education needs quality, not quantity. Education does not need political underpinnings. I ask the hon. Education Minister. He has got a good chance. He has won for the first time from Sambalpur. ? (*Interruptions*) Let him show some courage and get the ... **out of all this. ? (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Let me remind the House that the Indian School of Business which is located in Hyderabad has a very good global rating. Kindly look at the global rating of it.

**SHRI ANIL YESHWANT DESAI (MUMBAI SOUTH-CENTRAL):** Sir, I would like to highlight a few points. Let the House be in order. The Education Ministry, I am not comparing it to employment and skilling, has solely got Rs. 1,20,628 crore out of which school education and literacy have got a substantial amount of Rs. 73,000 crore. The budget allocation for higher education is Rs. 47,620 crore. In the budget allotted for school education, there is seven per cent increase but in the budget allotted for higher education, there is 17 per cent reduction. Our National Education Policy, 2020, has recommended the Government to spend, at least, 6 per cent of the GDP towards education, and I think where we stand today, the budgetary allocation is not even half of what is recommended.

The school education and literacy programme, Samagra Shiksha Abhiyan, which is the flagship scheme of the entire school education system, entails that States will implement NEP under Right to Education for bridging the social and gender gap. It is a very important aspect which needs to be enforced in proper direction.

The second point is about improving teachers? training. I will just quote a situation of Maharashtra. Hon. Minister himself was there. He must be getting the reports. The Teachers Eligibility Test which was conducted in 2022-23 was a scam where the entire situation was shameful. It was just unbearable because it was related to education. A country like India which is an emerging economy and which will be Vikasit Bharat, the dream project of our hon. Prime Minister, in the times to come, of course, every citizen of India supports it. That needs to be taken seriously. How would contract based teachers deliver the best in this entire programme? How would they fit into NEP? That needs to be explained. It is about quality of teachers also. Imparting education to the students is the basic thing towards the progress of the nation. I am not going into details, but the hon. Minister will shed some light on the trajectory.

Another aspect is about upgradation of school infrastructure which includes drinking water, toilets, science labs, and computer classrooms. I am giving an example of rural Maharashtra and semi urban places where basic facilities are not there and that also becomes one of the reasons for dropouts. The dropouts are taking place at an alarming rate. This is one of the reasons.

The PM-POSHAN constitutes 10 per cent of the budget that is allocated. The Mid-day meal programme encompasses it. It stipulates calories and nutritional norms. It is catering to around 12 lakh students who are there in more than 11 lakh schools. So, this is a very important aspect. The quality of mid-day meals, which are being served in the rural areas speaks volume about the nutritionalities and how the things are going on. So, I want to ask the hon. Minister whether any checks and balances are there in place or not. Is there any audit being done or not? It is because this is going for the formative years of our children who will be shouldering the responsibility of Viksit Bharat and Aatmanirbhar Bharat.

Sir, another important issue is dropout rates. As I said, in primary, upper primary and secondary education, there is an alarming rate of dropouts which is a worrisome picture for the entire education system in India. With regard to Mean Years of Schooling in India, the United Nation?s report that was published in 2023-24 shows that in India, the mean years of schooling is 6.6 years, compared to the

United States? 13.6 years, United Kingdom?s 13.4 years, and South Africa?s 11.6 years. Brazil has the figure of 8.3 years; China has the figure of 8.1 years and even Bangladesh is much ahead of us with 7.4 years. सर, मुंबई में जेवियर्स कॉलेज है, which has built its own reputation. वह बहुत अच्छा इंस्टिट्यूट है, जिसका नाम आज पूरी दुनिया में अच्छे दिल से लिया जाता है । They are afraid that having come thus far and having earned that goodwill, somehow the Government is trying to take over it. The Government should have that kind of infrastructure. But in respect of certain institutes, which have built their institutes by their own hard work by putting in everything - their talent, their merit - the Government should not interfere in these kinds of institutes.

The last point, which I would like to make before concluding, is this. In school and college education, mother tongue should be taught. It is being propagated in your NEP. How far will it go? Propagating is one thing. But implementing is something different. Though we say in the neighbourhood our schooling should be in mother tongue, लेकिन यह कौन सिखाता है? कौन अपने बच्चों को वहां भेजता है? महाराष्ट्र में मराठी स्कूल्स आए दिन बंद हो रहे हैं, क्योंकि वहां पर बच्चे नहीं मिलते हैं । वहां पर बच्चों की संख्या नहीं होती है, वहां यह इस तरह से किया जा रहा है कि स्कूल्स बंद पड़ रहे हैं । The National Education Policy is envisaging that, and it is propagating that mother tongue should be given priority. Of course, we are not averse to English but at the same time, mother tongue is what we are looking for. How will that be tackled? I hope that the hon. Education Minister throws some light on this and enlighten the House in this regard as well.

Jai Hind. Jai Maharashtra.

श्री अनिल फिरोजिया **(**उज्जैन**) :** सभापति जी**,** मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है । मैं जिस क्षेत्र से चुन कर आया हूं**,** वह भगवान महाकाल की नगरी और कृष्ण भगवान की शिक्षा स्थली है**,** जहां पर श्री कृष्ण रह कर अपनी शिक्षा को पूर्ण किया था । वह महाकवि कालीदास की कर्म भूमि है**,** मैं उस नगरी से आता हूं । आज मैं यशस्वी प्रधान मंत्री श्रीमान् नरेन्द्र मोदी जी के प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त करूंगा और उनको धन्यवाद दूंगा कि जिन्होंने वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति को लागू करने का काम किया ।

माननीय सभापति जी**,** देश आजाद हुए 77 साल हो गए । 77 साल में तीन बार शिक्षा नीति बनी, लेकिन शिक्षा नीति लागू नहीं की गई । उसमें अमेंडमेंट किया गया । अगर शिक्षा नीति को बनाकर किसी ने इसे लागू करने का काम किया तो उनका नाम नरेन्द्र मोदी जी हैं । अगर किसी भी देश को समाप्त करना हो, उसको खत्म करना हो तो उसकी शिक्षा नीति को समाप्त करो, उसके ऊपर कुठाराघात करो या उसकी संस्कृति पर कुठाराघात करो ।

हमारे देश में 200 साल नहीं, बल्कि 2 हजार साल से आक्रमण होते रहे । हमारा देश दो हजार साल गुलाम रहा, कभी मुगलों का, कभी अंग्रेजों का और उन्होंने हमारी शिक्षा नीति को तहस-नहस करने का काम किया । अगर हम देखें तो बिहार में नालंदा यूनिवर्सिटी को पूरा खाक कर दिया गया, जहां पर हमारे पुरखों ने, ऋषि-मुनियों ने पांडुलिपियां संजोकर रखी थीं, वहां पर आग लगा दी गई । अगर उसका भी किसी ने जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण किया तो उनका नाम नरेन्द्र मोदी जी हैं ।

मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहूंगा कि शिक्षा नीति की समानता को बढ़ावा देने के लिए ये कुछ प्रमुख बिन्दु हैं? शिक्षा नीति का उद्देश्य, शिक्षा की समानता को बढ़ावा देना था, लेकिन इसको क्रियान्वित करने में कांग्रेस सरकार असफल रही । वास्तविकता यह है कि नीति में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के असमानता को दूर करने के लिए कांग्रेस शासन ने कोई भी ठोस कदम नहीं उठाये ।

जहां तक हिन्दी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषा की बात है, मैं यहां पर अपने कुछ मित्रों को सुन रहा था, जो क्षेत्रीय भाषा का विरोध कर रहे थे । आज कोई भी क्षेत्रीय भाषा हो, अगर उसको हम बढ़ावा देते हैं, यह जरूरी नहीं है कि सभी लोग इंग्लिश जानें, यह जरूरी नहीं है कि सभी लोग गुजराती जानें । अगर उस क्षेत्र के लोग अपनी क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई करें तो वे आगे बढ़ सकते हैं और अपना भविष्य बना सकते हैं । अगर यह काम किसी ने किया तो उनका नाम नरेन्द्र मोदी जी हैं । कांग्रेस तो सिर्फ दिखावा करती रही । आज विज्ञान और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की इन्होंने बात की, लेकिन उस दिशा में कोई भी ठोस कदम इन्होंने नहीं उठाया । ये शिक्षा की समानता की बात करते हैं । अगर आज भी हम ग्रामीण क्षेत्र में जाएं, तो आपको शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा में जमीन आसमान का फर्क दिखेगा ।

महोदय, मैं वर्ष 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी बात करूंगा, जो कांग्रेस सरकार द्वारा बनाई गई थी । इन्होंने वर्ष 1992 में इसे संशोधित किया । ये शिक्षा प्रणाली में सुधार का वायदा करते हैं, लेकिन इनके कार्यकाल में कहीं भी गम्भीरता नहीं दिखी । आज भी इसमें कई कमियां उजागर हुई हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार ने इन कमियों को कैसे हल किया है?

महोदय, कांग्रेस सरकार ने वर्ष 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की और वर्ष 1992 में इसे संशोधित किया । इसके मुख्य बिंदु थे? सभी के लिए शिक्षा का अधिकार सुरक्षित करना, लेकिन इसमें हुआ क्या? इसे न प्रभावी रूप से लागू किया गया, न इस पर ध्यान दिया गया, जिससे यह उद्देश्य अधूरा का अधूरा ही रह गया । महिला और अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्रों के लिए विशेष योजना ? मैं यहां पर अपने मित्रों को सुन रहा था, जो बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे । अनुसूचित जाति, महिला?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप कृपया कन्क्लूड कीजिए ।

श्री अनिल फिरोजिया **:** मैं आपको दो उदाहरण देता हूं । तात्कालिक प्रधान मंत्री श्रीमान जवाहर लाल नेहरू जी ने, जब डॉ. अम्बेडकर जी ने संविधान में आरक्षण की बात की, तो सबसे पहले अगर किसी ने विरोध किया था तो वह पंडित जवाहरलाल नेहरू थे । उसके बाद?(व्यवधान) यह पटल पर है । मैं आपको और बताना चाहता हूं कि उसके आगे स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी ने अनुसूचित जाति वालों को ...* कहा कि ...***** को मैं आगे बढ़ने नहीं दूंगा ।?(व्यवधान) ये बात करते हैं । वही अम्बेडकर जी हैं, मैं इस सदन में खड़े होकर यहां याद दिलाना चाहता हूं कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी को जवाहरलाल नेहरू जी ने लोक सभा में हराया, उन्होंने लोक सभा में हराने का प्रयास किया ।?(व्यवधान) उसके बाद उनको राज्य सभा में भी आने नहीं दिया ।?(व्यवधान)

जिस डॉक्टर अम्बेडकर की ये दुहाई देते हैं, उस डॉक्टर अम्बेडकर को इस सदन में आने से अगर किसी ने रोकने का प्रयास किया, तो उनका नाम था- जवाहरलाल नेहरू । ?(व्यवधान) ये बात करते हैं जनजाति की । ?सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास??(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अब आप बैठ जाइए ।

?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री अभय कुमार सिन्हा ।

?(व्यवधान)

श्री अभय कुमार सिन्हा **(**औरंगाबाद**) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ ।

महोदय, बिहार में तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं । पहला नालन्दा विश्वविद्यालय है, दूसरा महात्मा गांधी की धरती चम्पारण में महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय । तीसरा, भगवान बुद्ध, भगवान विष्णु की धरती एवं ज्ञान और मोक्ष की धरती पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित है ।?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं आपको बाद में फिर बुलाऊँगा । अभी आप बैठिए ।

?(व्यवधान)

श्री अभय कुमार सिन्हा **:** महोदय, मैं आपके माध्यम से, सरकार से और माननीय मंत्री महोदय से विशेष आग्रह करना चाहता हूँ कि गया में जो दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित है, उसका नामकरण सम्राट अशोक केन्द्रीय विश्वविद्यालय किया जाए । मैं सरकार से यह विशेष आग्रह करना चाहता हूँ । चूंकि सम्राट अशोक भगवान बुद्ध के बहुत बड़े प्रचारक रहे हैं । जिस तरह से, चम्पारण में महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, उसके तर्ज़ पर गया में, गया की धरती पर जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, उसका नामकरण सम्राट अशोक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में करने के लिए मैं सरकार से और माननीय मंत्री महोदय से विशेष आग्रह करता हूँ ।

आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री अफ़ज़ाल अंसारी **(**गाजीपुर**) :** माननीय पीठासीन सभापति जी, आपने मुझे वर्ष 2024-25 के लिए शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर हो रही चर्चा में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, मैं इसके लिए आपका आभारी हूँ ।

माननीय लोहिया जी ने कहा था कि निर्धन हो या धनवान, सबको शिक्षा मिले समान । आज यह दुख का विषय है कि शिक्षा विभाग ने अनुदानों के लिए बजट में जो प्रावधान किया है, उसमें यह अफसोसनाक स्थिति है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए जहाँ बजट में वृद्धि करने की आवश्यकता थी, वहाँ उनके लिए निर्धारित बजट में भारी कटौती की गई है । इसी क्रम में, डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर फाउंडेशन?(व्यवधान), जिसका बजट पहले से ही कम था?(व्यवधान)

माननीय सभापति : एक सेकेंड रुकिए, अंसारी जी । इससे पहले भी माननीय स्पीकर साहब ने बताया था कि जब सदन में अपनी बात कहें, तो एक हाथ अपनी जेब में न रखें ।

श्री अफ़ज़ाल अंसारी : ठीक है, महोदय । बहरहाल, इस बार यह जो 40 करोड़ रुपए का जो बजट था, उसे घटाकर अब 30 करोड़ रुपए कर दिया गया है । इससे एक मानसिकता का पता चलता है । यह भी देखने की बात है कि इस बजट में अल्पसंख्यकों की शिक्षा के बजट में भी पहले की तुलना में भारी कटौती की गई है जबकि उसमें व्यापक वृद्धि की आवश्यकता थी । बजट में एससी, एसटी और ओबीसी को मुफ्त कोचिंग के माध्यम से शिक्षा के लिए सहुलियत प्रदान करने का जो बजट था, वह भी पहले से बहुत कम है । लेकिन अफसोस की बात है कि इसके लिए जो 47 करोड़ रुपए थे, उसे भी घटाकर अब मात्र 35 करोड़ रुपए कर दिए गये हैं । इस प्रकार से, अगर देखा जाए, तो टॉप क्लास के एजुकेशन के क्षेत्र में भी एससी, एसटी के लिए जो पहले 111 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान था, अब उसमें भी बड़ी कटौती कर दी गई है ।

मान्यवर, आपके माध्यम से मैं दो पंक्ति की कविता के साथ अपना भाव, अपना विचार सदन में रखना चाहता हूं ।

?देवता मेरे आंगन में उतरेंगे कब,

ज़िंदगी भर यही सोचता रह गया,

मेरे बच्चों ने उस चांद को छू लिया,

ज़िंदगी भर जिसे पूजता रह गया ।?

आज जब दुनिया शिक्षा के माध्यम से, टैक्नोलॉजी के माध्यम से, साइंस के माध्यम से अपनी उन्नति के शिखर पर पहुंच रही है, तब हमारे देश में, शिक्षा में खास तौर से शिक्षा में जो कमजोर वर्ग हैं, एससी हैं, एसटी हैं, ओबीसी हैं, माइनॉरिटी के लोग हैं, इनको शिक्षा के प्रति जागरुक करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से बजट में बढ़ाकर प्रावधान किया जाना चाहिए था, जिसमें बड़े पैमाने पर कटौती की गई है । यह इस सरकार की दूषित मानसिकता का एक प्रमाण है । वैसे भी हमारे देश में विडंबना का विषय यह है कि दोहरी शिक्षा नीति लागू है, एक तरफ वह शिक्षा है, जो सरकारी स्कूलों के माध्यम से गांव में रहने वाले गरीबों के लिए उपलब्ध है, जहां आज भी हाथ में कटोरा और पीठ पर बोरा है । गरीब किसान का बच्चा स्कूलों में जाता है, तो ?क? से कबूतर, ?ख? से खरहा और ?ग? से गधा पढ़ाया जाता है ।

दूसरी तरफ मॉडर्न स्कूल्स, प्राइवेट स्कूल्स और मॉन्टेसरी स्कूल्स हैं, इन स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से और आधुनिक ढंग से शिक्षा दी जाती है । दोनों रास्तों से जो शिक्षा प्राप्त करके हमारे बच्चे आगे जाते हैं और जब किसी पद के कॉम्पीटिशन में दोनों को हिस्सा लेना होता है, तो जो बच्चा ?क? से कबूतर, ?ख? से खरहा और ?ग? से गधा पढ़कर गया है और जो बच्चा ?क? से कंप्यूटर पढ़कर गया है, वहां जब मुकाबला होता है, तो जरूर जो आधुनिक शिक्षा से लैस, उन विद्यालयों से आने वाले छात्र हैं, वे कामयाब होते हैं और सरकार की तरफ से अपने देश की जनता के लिए, गरीबों के लिए, मजदूरों के लिए, गांवों में रहने वाले लोगों के लिए जो शिक्षा का प्रबंध है, उस शिक्षा को ग्रहण करके जो लोग ऊपर पहुंचते हैं, उनकी बुनियाद कमजोर हो जाती है ।

देखने की बात है कि ऐसी स्थिति में सबसे जरूरी था कि हम दोहरी शिक्षा नीति को कैसे समाप्त करें? कैसे संतुलन बनाएं? जो प्राइवेट स्कूलों की शिक्षा है, वह इतनी महंगी है कि एक गरीब आदमी तो उसे अफोर्ड कर ही नहीं सकता, एक मध्यम वर्ग का आदमी भी उसे अफोर्ड नहीं कर पाएगा । उनके बच्चों को कक्षा दो, तीन, चार में पढ़ने के लिए दो हजार रुपए महीना, चार हजार रुपया महीना, पांच हजार रुपए महीना देना होता है । उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए कोई साधारण किसान, कोई गरीब, कोई गांव का आदमी अगर अपनी हैसियत को भी बेच दे, तब भी वह अपने बच्चों को डॉक्टर नहीं बना सकता, अपने बच्चों को उस तरह की शिक्षा नहीं दे सकता, जो उसके लिए एक सपना है ।

मान्यवर, आपके माध्यम से इस सदन में मैं आपसे यह अनुरोध करना चाहता हूं कि सरकार को दोहरी शिक्षा नीति को समाप्त करने की दिशा में पहल करनी चाहिए । सरकार का यह बजट, जिसमें अनुदानों के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, इनमें एससी, एसटी, ओबीसी और माइनॉरिटी के लोगों को जो सहूलियतें पहले से फ़राहम की जाती रही हैं, उनको शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने की आवश्यकता थी । लेकिन उनमें कटौती किए जाने से यह साबित होता है कि आप दोहरी शिक्षा नीति को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं ।

श्रीमान जी, मैं इस अवसर पर आपके माध्यम से अपने एक और भाव को कविता के रूप में रखना चाहता हूं । अभी बात नहीं समझ में आ रही है, अभी एक सज्जन बोल रहे थे । वे एक मिनट में शिक्षा की बात कर रहे थे और दूसरी तरफ सागर में चले जा रहे थे । सागर और शिक्षा की बात मेरी समझ में नहीं आ रही है । मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं ?

?पत्थर के जिगर वालों, गम में वो रवानी है,

खुद राह बना लेगा, बहता हुआ पानी है,

कमजोर की आहों को, मज़लूम की आहों को,

कमजोर समझ लेना, अब ज़ालिम हुकूमत के जाने की निशानी है ।?

**डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) :** महोदय, आपने मुझे शिक्षा मंत्रालय के बजट की अनुदान माँगों पर हो रही चर्चा में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, आज मैं इस सदन के समक्ष भारत सरकार द्वारा बजट 2024 में शिक्षा के क्षेत्र में की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं और मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों पर चर्चा करना चाहता हूँ, जिसमें उत्तर प्रदेश के लिए भी कई योजनाएं शामिल है । बजट 2024 में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है । हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने लोक सभा में अपना 7 वाँ केन्द्रीय बजट पेश किया है । इस बार शिक्षा के बजट में 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो हमारे बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

महोदय, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रस्तुत बजट 2024 की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इस बजट में शिक्षा को युवाओं और महिलाओं में कौशल विकास तथा रोजगारपरक बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं । इसके लिए वर्ष 2024 के बजट में 1.48 लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है ।

महोदय, शिक्षा के द्वारा ही कोई समाज सभ्यता के उन्नत शिखर तक पहुँच सकता है । समाज की सभी समस्याओं का दुनिया में एक ही उपाय है और वह है अपने समाज को शिक्षित करना । मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार के द्वारा शिक्षा के माध्यम से युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं । नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य है शिक्षा को ज्ञानात्मक होने के साथ-साथ रोजगारपरक भी होना चाहिए । इस अनुशंसा का अनुपालन करते हुए इस बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं ।

महोदय, बेरोजगारी देश के सामने एक बड़ी समस्या स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से ही रही है । देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी बेरोजगारी को देश की चार प्रमुख समस्याओं में से एक मानते थे । इस बजट के द्वारा बेरोजगारी की इस समस्या के समाधान हेतु युवाओं एवं महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है । इस अनुषंग से देश में युवाओं और महिलाओं में स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे, जो कि आज की परिस्थितियों में सार्थक एवं प्रासंगिक हैं ।

महोदय, प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत 5 वर्षों की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिए जाने का प्रावधान किया गया है । इसके लिए परिणामोन्मुख दृष्टिकोण के साथ-साथ एक हजार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई.टी.आई.) का उन्नयन किया जाएगा । भारत की शीर्ष कंपनियाँ 5 साल में एक करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देंगी । साथ ही 5 हजार रुपये के मासिक मानदेय के साथ-साथ 12 माह की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप भी दी जाएगी ।

महोदय, बजट में युवाओं को शिक्षा ऋण की बहुत ही सार्थक योजना प्रस्तुत की गई है । इसके तहत घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण हेतु एक वित्तीय सहायता की व्यवस्था की घोषणा की गई है । यह योजना देश के करोड़ों युवाओं के उच्च शिक्षा प्राप्त करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी । जो लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते थे, उनके लिए यह योजना वरदान साबित होगी ।

महोदय, हमारी सरकार के इस बजट में शिक्षा के द्वारा महिलाओं के कौशल विकास प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया है ताकि महिलाओं की रोजगार में अधिकाधिक सहभागिता हो सके । महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए महिला विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । कामकाजी महिलाओं के लिए महिला हॉस्टल एवं शिशु गृहों की स्थापना की जाएगी ।

महोदय, अंत में, मैं यही कहना चाहूँगा कि इस बजट में शिक्षा को ज्ञानपरक होने के साथ-साथ रोजगारपरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है । यह बजट शिक्षा के दृष्टिकोण से युवाओं और महिलाओं की इच्छाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला सिद्ध होगा । इस बजट में शिक्षा के लिए किए गए प्रावधान देश को प्रगति पर ले जाने वाले हैं । इसके लिए मैं अपनी वित्त मंत्री जी आदरणीय डॉ. निर्मला सीतारमण जी का और विशेष रूप से हमारे मार्गदर्शक आदरणीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ ।

महोदय, आदरणीय प्रधानमंत्री जी की भारत रत्न किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के विचारों के प्रति जो श्रद्धा है, उसके आलोक में मेरा विनम्र अनुरोध है कि मेरठ में स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय का उन्नयन कर उसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना चाहिए, जिससे कि शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम जुड़ सकें । धन्यवाद ।

**श्री सुदामा प्रसाद (आरा) :** सभापति जी, वर्ष 2020 में कोरोना काल के समय नई शिक्षा नीति आई थी । हम देख रहे हैं कि जो शिक्षा नीति लागू की गई है, उससे लगता है कि देश के करोड़ों जो भूमिहीन किसान हैं, कृषि मजदूर हैं, शहरी गरीब हैं जो फुटपाथ पर सब्जी बेचते हैं और ठेला चलाते हैं या रिक्शा चलाते हैं, ऐसे लोगों को

शिक्षा से दूर किया जा रहा है । देश के अन्य हिस्सों में शिक्षा की क्या स्थिति है, यह मैं नहीं कह सकता हूं लेकिन हजारों विद्यालयों का मर्जर कर दिया गया । जो गरीब और दलित लोगों के मौहल्ले में विद्यालय थे, वहां भवन और जमीन का अभाव दिखा कर बच्चों का ट्रांसफर दूर के स्कूलों में करके स्कूल बंद करवा दिए हैं । बिहार में ऐसे हजारों विद्यालय बंद किए जा चुके हैं और निश्चित तौर पर इसका प्रभाव गरीबों के बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है और वे शिक्षा से दूर हो रहे हैं ।

सभापति जी, इसके अलावा हम देख रहे हैं कि शिक्षा को महंगा किया जा रहा है । उच्च शिक्षा में फीस बढ़ाकर, कोर्स की पढ़ाई को महंगा करके यह प्रयास किया जा रहा है कि लोग उच्च शिक्षा से दूर रहें । विश्वविद्यालयों में यूजीसी के जरिए जो ग्रांट दी जाती थी, उसे खत्म करके ?हेफा? लोन दिया जा रहा है कि विश्वविद्यालयों को यह लोन दिया जा रहा है और आपको इसे चुकाना है । इसकी भरपाई के लिए फीस बढ़ाई जा रही है । ऐसे विश्वविद्यालय कैम्पस की जमीन निजी कम्पनियों को किराये पर दे रहे हैं । मैं समझता हूं कि इस चीज पर रोक लगनी चाहिए । पहले कम फीस थी तो बच्चे पढ़ लेते थे, लेकिन अब उनकी पढ़ाई बंद हो जाएगी । पहले स्नातक का कोर्स तीन साल का होता था, तब छह या सात हजार रुपये में पढ़ाई कम्प्लीट हो जाती थी लेकिन अब स्नातक होने के लिए चार साल का समय कर दिया गया है । इस वजह से इस कोर्स की पढ़ाई का खर्च 30 हजार रुपये तक हो गई है । जन हित में इस फैसले को वापस लेना चाहिए । वर्ष 1917 में पटना विश्वविद्यालय जिसे पूर्व का ऑक्सफोर्ड कहा जाता है, भारतीय उप महाद्वीप के सबसे पुराने जो 7 विश्वविद्यालय हैं, उनमें से यह एक है । मैं समझता हूं कि उस विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा सरकार को देना चाहिए । जो विश्वविद्यालय का शताब्दी समारोह हुआ, उसमें बिहार के हमारे मुख्य मंत्री जी ने भी माननीय प्रधान मंत्री जी से यह अपील की थी कि इसे आप केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दीजिए, लेकिन वह दर्जा अभी तक नहीं मिला है । मैं पुन: आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए । इस विश्वविद्यालय की पहचान बिहार की अस्मिता से जुड़ी है । मैं समझता हूं कि सरकार को हमारी इस मांग को पूरा करना चाहिए ।

महोदय, हाल ही में नीट परीक्षा में जो पेपर लीक हुआ, उसने साबित कर दिया है कि यह सरकार न शिक्षा ठीक से दे सकती है और न परीक्षा ठीक से ले सकती है । बिहार और गुजरात सहित चार राज्यों की पुलिस ने कई लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया है लेकिन अभी तक परीक्षा कैंसिल नहीं की गई है । करीब 25 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है । मेरी मांग है कि उस परीक्षा को कैंसिल किया जाए और फिर से नई परीक्षा ली जाए ।

**18.00 hrs**

महोदय, एन.टी.ए. परीक्षा लेने में सफल नहीं है, कई पेपर्स लीक हुए हैं, इसलिए इसको भंग किया जाए और हमारे माननीय शिक्षा मंत्री जी नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें, यह हमारी मांग है । अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के लिए जो मौलाना आज़ाद फेलोशिप दी जाती थी, उस वजीफे को बंद कर दिया गया है । इसे क्यों बंद कर दिया गया है? इसे फिर से चालू किया जाए ।

महोदय, अन्त में, हम यह कहेंगे कि सरकार शिक्षा का भगवाकरण करना चाहती है । अब विश्वविद्यालयों के प्राचार्यों की नियुक्ति में योग्यता आधार नहीं है, बल्कि चरण भक्ति आधार है । सिलेबस चेंज किए जा रहे हैं और अंधविश्वास को बढ़ावा दिया जा रहा है । अभी डी.यू. की लॉ फैकल्टी में मनुस्मृति को सिलेबस में शामिल किया गया है, जिसे भारी विरोध के बाद सरकार ने वापस लिया । हमारे यहां एक चांदी होस्टल है, जहां 200 दलित छात्र रहते हैं । उसकी स्थिति जर्जर है । वर्ष 1990 में ही उसे अयोग्य घोषित कर दिया गया था । आपके माध्यम

से सरकार से हम मांग करते हैं कि नया होस्टल बनाकर दलित छात्रों को दिया जाए । मुचकुन्द दूबे आयोग की जो समान शिक्षा की सिफारिश है, उसको देश में लागू किया जाए । हमारे यहां कस्तूरबा विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति बहुत ही खराब है । वहां भोजन में दोनों टाइम चावल दिया जाता है । इस पर सरकार ध्यान दें ।

महोदय, प्राइवेट स्कूलों के नामांकन में गरीब बच्चों के लिए जो 25 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, उसको सख्ती से लागू किया जाए ।

महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया ।

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Members, it is 6 o?clock right now. If the Members agree, I extend the time of the House up to 8 pm.

**SEVERAL HON. MEMBERS:** Yes, Sir.

श्रीमती शांभवी **(**समस्तीपुर**) :** मैं भारत सरकार के शिक्षा बजट 2024 के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत करना चाहती हूँ । हमारे देश के भविष्य को उज्जवल बनाने और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है । शिक्षा वह नींव है जिस पर हमारा समाज और राष्ट्र खड़ा होता है । यह हमारे बच्चों को न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उन्हें नैतिकता, मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारी भी सिखाती है ।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, हमने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं । हमारे शिक्षा बजट 2024 का उद्देश्य न केवल शिक्षा की पहुंच को बढ़ाना है, बल्कि उसकी गुणवत्ता को भी सुधारना है । प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की नींव मजबूत करना हमारे एजेंडा में सबसे महत्वपूर्ण है । इस वर्ष, हमने स्कूलों के बुनियादी ढांचे को सुधारने और शिक्षण संसाधनों को अद्यतन करने के लिए ₹50,000 करोड़ का बजट आवंटित किया है । यह सुनिश्चित करेगा कि हमारे बच्चों को एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो ।

शिक्षकों की गुणवत्ता शिक्षा की गुणवत्ता का निर्धारण करती है । इसलिए, हमने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए ₹10,000 करोड़ का बजट रखा है । इसके अंतर्गत शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों, डिजिटल उपकरणों और शिक्षण विधियों से परिचित कराया जाएगा ।

डिजिटल युग में, ई-लर्निंग का महत्व बढ़ गया है । हमने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ₹20,000 करोड़ का बजट आवंटित किया है । इसके अंतर्गत स्मार्ट क्लासरूम, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना की जाएगी । यह पहल उन छात्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी जो दूरस्थ क्षेत्रों में रहते हैं और जिनकी शिक्षा की पहुंच सीमित है ।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, हमने अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ₹30,000 करोड़ का बजट आवंटित किया है । इसके अंतर्गत आईआईटी, एनआईटी, और अन्य प्रमुख संस्थानों को अधिक संसाधन प्रदान किए जाएंगे ताकि वे विश्वस्तरीय अनुसंधान कर सकें और हमारे देश की विज्ञान और तकनीकी प्रगति में योगदान कर सकें ।

कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है । हमने इस क्षेत्र के लिए ₹15,000 करोड़ का बजट आवंटित किया है । इसके अंतर्गत युवाओं को विभिन्न व्यावसायिक कौशल सिखाए जाएंगे ताकि वे रोजगार के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें । यह पहल विशेष रूप से उन युवाओं के लिए फायदेमंद होगी जो पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में पूरी तरह से फिट नहीं बैठते ।

महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है । हमने महिला शिक्षा के लिए ₹8,000 करोड़ का बजट आवंटित किया है । इसके अंतर्गत लड़कियों के लिए छात्रवृत्ति, महिला विद्यालयों की स्थापना और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा ।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के लिए हमने ₹12,000 करोड़ का बजट आवंटित किया है । इसके अंतर्गत ग्रामीण विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विकास, शिक्षकों की नियुक्ति और छात्रों के लिए छात्रावासों की स्थापना शामिल है ।

विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए हमने ₹5,000 करोड़ का बजट रखा है । इसके अंतर्गत विशेष शिक्षा कार्यक्रम, सहायक उपकरण और प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति शामिल है ।

हमने शिक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए ₹2,000 करोड़ का बजट आवंटित किया है । इसके अंतर्गत विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी, छात्रों और शिक्षकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के अवसर और संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शामिल हैं ।

नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के लिए विशेष बजट आवंटित किया गया है । इसके अंतर्गत शिक्षा के सभी स्तरों पर संरचनात्मक सुधार, पाठ्यक्रम में बदलाव और नई शैक्षिक पद्धतियों का समावेश किया जाएगा ।

यह बजट न केवल शिक्षा की पहुंच को व्यापक बनाने का प्रयास करता है, बल्कि उसकी गुणवत्ता को भी उच्चतम स्तर तक ले जाने का संकल्प है । हमारे देश की आर्थिक प्रगति और सामाजिक समृद्धि के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम अपने युवाओं को एक उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करें । यह बजट इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और हमें विश्वास है कि इससे हमारे देश का भविष्य उज्जवल होगा ।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, हम सभी को मिलकर इस बजट को सफल बनाना है । हमें अपने बच्चों के भविष्य के लिए आज मेहनत करनी होगी ताकि वे कल के जिम्मेदार नागरिक बन सकें और हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकें । धन्यवाद ।

**DR. PRABHA MALLIKARJUN (DAVANAGERE):** Education is a case of difficult goals and unequal grounds. The disparity in skill levels among students and young people is creating an unequal competitive environment and lacking in job opportunities. This gap in skills not only hampers individual?s career prospects but also affects overall economic development. To address this issue, Government?s intervention is crucial. There is a pressing need for the Government to take proactive measures in equipping students with necessary skills and enhancing their capacity during their graduate studies.

There have been many schemes that the Government has introduced including 'Samagra Shiksha Abhiyan, which is key to States implementing 'Sarva Shiksha Abhiyan 'and allied schemes such as NIPUN, PM-SHRI and PM-POSHAN among the wide range of initiatives. As per the International Labour Organization (ILO), the unemployment rate often rises with higher levels of education because of the lack of associated skills. Between 2005 and 2022, unemployment among individuals with a technical degree increased from 18 per cent to 29 per cent while it rose from 5 per cent to 11 per cent for those without a technical degree. Additionally, more than half of all employed graduates in India are working in low-skilled jobs, as per the ILO report, which compared it to less than one-third in high-skilled roles. From 2005 to 2022, the percentage of graduate degree holders in high-skilled occupations rose from 11 per cent to 28 per cent. However, the proportion of those in low-skilled jobs also increased from 45 per cent to 53 per cent. This is alarming.

One effective strategy would be to implement comprehensive skill development programs that integrate seamlessly into the educational curriculum with vocational training, workshops, and internships tailored to various industries and professions. Moreover, regulation of training and coaching centres is essential to ensure that these institutions provide quality education and training at affordable fees. Particularly in Government schools, where resources may be limited, it is important to establish high standards for these centres to prepare students effectively for administrative services and other competitive fields.

Education is a fundamental right. Along with the infrastructure, quality of teaching, accessibility of institutions, road, bus, facilities, and hostels are also essential. Many of the students from economically deprived status cannot afford higher education. Scholarships, loan facilities, and reservations are essential. Education with emphasis on employment is the need of the hour. I request the hon. Finance Minister to make higher education more affordable. I request the hon. Education Minister to sanction Navodaya and Eklavya Schools in my constituency of Davanagere.

श्री पुष्पेंद्र सरोज **(**कौशाम्बी**)** : मैं एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी बात रखना चाहता हूँ, जो हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था से जुड़ा है । आज हम सब देख रहे हैं कि कैसे शिक्षा की कमी और बेरोजगारी की समस्या ने हमारे युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है ।

भारत में आज भी लाखों युवा बेरोजगार हैं । 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमारे देश में बेरोजगारी दर 7.5% तक पहुँच चुकी है । यह चिंता का विषय है कि इतने बड़े पैमाने पर शिक्षित युवा रोजगार से वंचित हैं ।

हमारे देश में शिक्षा की स्थिति भी बहुत ही दयनीय है । पिछले कुछ वर्षों में, 70 से अधिक परीक्षा पत्र लीक हो चुके हैं । यह शर्मनाक है कि हमारे शिक्षा प्रणाली में इस तरह की धांधली हो रही है। प्रयागराज में, जब छात्र एनटीपीसी परीक्षा के परिणामों और अन्य परीक्षाओं की धांधली के खिलाफ आवाज उठाने के लिए सड़कों पर उतरे, तो उन्हें उनके घरों के अंदर पीटा गया । यह न केवल हमारे संविधान के खिलाफ है, बल्कि हमारे युवाओं के अधिकारों का भी हनन है ।

उत्तर प्रदेश में '69000 शिक्षक भर्ती घोटाला' एक और कड़वी सच्चाई है । इसमें पिछड़ी जाति और अनुसूचित जाति के लोगों को प्रवेश से वंचित कर दिया गया । यह एक बहुत बड़ा अन्याय है और इससे प्रभावित लोग आज भी अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं ।

मैं सदन से दो अनुरोध करना चाहता हूँ, जो मेरे संसदीय क्षेत्र कौशांबी से संबंधित हैं । पहला, अनुसूचित जाति के छात्रों को नवोदय विद्यालय कौशांबी में प्रवेश से वंचित किया जा रहा है, जबकि वे योग्यता के सभी मापदंडों को पूरा करते हैं । यह स्थिति तुरंत सुधारी जानी चाहिए और योग्यता के आधार पर सभी छात्रों को समान अवसर मिलना चाहिए ।

दूसरा, मैं मंत्रालय से अनुरोध करता हूँ कि कौशांबी में एक केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए । 2022 में 6 एकड़ भूमि दी गई थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई काम नहीं हुआ है । यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रखा जा रहा है ।

अंत में, मैं हमारे छात्रों और देश के भविष्य के लिए एक शायरी कहना चाहूंगा:

"किताबों में छिपे जो ख्वाब हैं, उन्हें साकार करना है,

हर बच्चे को शिक्षा का हक़ दिलाना है ।

मुश्किलें आएंगी, रुकावटें भी होंगी,

मगर हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचना है ।"

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) :** सभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं आपको धन्यवाद दूंगा कि आपने बजट में शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर हो रही चर्चा में मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया ।

महोदय, हिन्दुस्तान नौजवानों की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है । यहां नौजवान संभावनाएं तलाशता है, लेकिन दुर्भाग्य से नौकरी नहीं मिलने से और पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं से नौजवानों के अन्दर बहुत निराशा है । हमारे माननीय मंत्री जी छात्र राजनीति से आए हैं । वे मेरी इस बात पर निश्चित रूप से ध्यान देंगे कि गांव,

ढाणी में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को, गरीब व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार कैसे मिले । मैं तो यह भी मांग करूंगा कि तमाम नेताओं के बच्चे, तमाम ब्यूरोक्रैट्स के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ें, ताकि सरकारी स्कूलों का स्तर ज्यादा अच्छा हो सके । आप तो जानते हैं कि शिक्षा पर राज्य सरकार का सीधा नियंत्रण होता है, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में हमें बातों के अलावा धरातल पर काम करने की और ज्यादा आवश्यकता है ।

**18.02 hrs**

(Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

महोदया, मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी का ध्यान हमारे दो-तीन मुद्दों की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा । भारत के सरकारी स्कूलों में लगभग 8.4 लाख शिक्षकों के पद खाली हैं । यह संख्या अत्यंत चिंताजनक है और यह शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है ।

प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों की कमी है । प्राथमिक शिक्षा किसी भी छात्र के शैक्षणिक जीवन का आधार होती है । मैं मांग करूंगा कि प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों की जो कमी है, आप उनके लिए नौकरियां निकालें और सारे पदों को भरें ।

जहां तक शिक्षक-छात्र अनुपात की बात है तो कई सरकारी स्कूलों में एक शिक्षक पर 60-70 छात्र हैं, जबकि आदर्श रूप से यह संख्या 30-35 होनी चाहिए । इससे शिक्षकों के लिए व्यक्तिगत रूप से छात्रों पर ध्यान देना असंभव हो जाता है । कई स्कूलों में 10-20 छात्रों पर चार से पांच शिक्षक लगे हैं । जो पावरफुल होते हैं, वे अपने घर या शहर के नजदीक के स्कूलों में अपना ट्रांसफर करा लेते हैं और एक ही स्कूल में 8-10 शिक्षक लग जाते हैं, जहां उनकी इतनी आवश्यकता नहीं होती है । इसको भी आप नीति के अन्दर लाकर ठीक करेंगे । इस असमान व्यवस्था से शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।

कोविड-19 की वजह से जब लॉकडाउन के कारण स्कूल बंद हुए थे, तो शिक्षा को ऑनलाइन मोड में कर दिया गया । इसका असर पूरी शिक्षा प्रणाली पर पड़ा । जो लोग ऑनलाइन शिक्षा का उपयोग कर सकते थे, वे इससे जुड़े रहे, लेकिन कितने ही बच्चे ऐसे थे, जिनके अभिभावक सामाजिक व आर्थिक परेशानियों के चलते ऑनलाइन कक्षाओं में समायोजित नहीं कर सके ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में शिक्षा का स्तर अत्यंत चिंताजनक है । वहां के बच्चों को अच्छी शिक्षा और आर्थिक संसाधन नहीं मिल पा रहे हैं । इससे समाज में असमानता बढ़ रही है । अत: शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और तकनीक पर बल देने की आवश्यकता है, जिससे हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें ।

मंत्री जी, मेरे राजस्थान में राजस्थान यूनिवर्सिटी सहित जिन विश्वविद्यालयों को यू.जी.सी. से ग्रांट मिलती है, विगत चार सालों से उनकी ग्रांट बाकी है । आप उन्हें ग्रांट दिलाने के दिशा-निर्देश जारी करें ।

सभापति महोदया, एससी, एसटी, ओबीसी की जो छात्रवृत्तियां देश के अंदर बाकी हैं, उनको चालू किया जाना चाहिए । साथ ही, एससी, एसटी और ओबीसी का जो बैकलॉक है, उसको भरा जाए । आरक्षित वर्ग का एक डेटा मैं बता रहा हूँ । सरकार समानता की बात करती है, लेकिन एक अप्रैल 2024 तक देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक वर्ग के एससी के 736, एसटी 466, ओबीसी के 1446 पद रिक्त पड़े हैं । वहीं गैर शैक्षणिक पदों

का यह आंकड़ा क्रमश: 1466, 914 और 1960 है । मेरी मांग है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी सहित देश के तमाम केंद्रीय संस्थानों में आरक्षित वर्गों के लिए जो पद निहित किए गए हैं, उन्हें जल्द जल्द से भरा जाए ।

शिक्षा मंत्री जी, हम भी कॉलेज, विश्वविद्यालय की राजनीति से यहां आए हैं । कॉलेज और विश्वविद्यालय के अध्यक्ष थे । इसलिए हमारी इच्छा रहती है कि हम छोटे भाइयों के लिए कुछ करें, बेरोज़गारों के लिए कुछ करें ताकि प्रत्येक व्यक्ति को सही शिक्षा मिले । आप प्रयास कर रहे होंगे, लेकिन और ज्यादा अच्छे प्रयास कैसे हों, यह देखना चाहिए । नीट की परीक्षा के संबंध में हमें आपसे बड़ी उम्मीद थी कि आप उस परीक्षा को रद्द करेंगे । मामला सुप्रीम कोर्ट में गया, सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया । लेकिन हम आपसे दोबारा मांग करते हैं कि जिद्द छोड़ कर इस परीक्षा को दोबारा कराना चाहिए । जो एनटीए इस परीक्षा को करा रही है, पिछले साल 1.33 करोड़ और इस साल लगभग 50 लाख छात्रों की परीक्षा करवाने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी महज एक रजिस्टर्ड सोसाइटी है और 14 अफसरों के भरोसे चल रही है । इसलिए मैं माँग करूंगा कि इस एजेंसी को बदलें ।

दिल्ली के कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में जिस तरह से तीन छात्रों की मौत हुई है, इस पर सदन में चर्चा हुई है । आपने इसके लिए एक कमेटी बना दी है । मंत्री महोदय, मेरी मांग है कि पूरे देश के कोचिंग संस्थानों के भवन सुरक्षा, फीस और छात्रों के किराए की एक एसओपी बनाई जाए । कोचिंग माफिया देश के सिस्टम पर हावी हो रहे हैं । उन पर कठोर कदम उठाए जाएं और दिल्ली में दिवंगत हुए तीन छात्रों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता भारत सरकार प्रदान करे और आंदोलित छात्रों के साथ शिक्षा मंत्री जी खुद वार्ता करें ।

सभापति महोदया, मेरे राजस्थान में बहुत बड़ा आंदोलन चल रहा है, वहां पर आपकी सरकार है । नई शिक्षा नीति में यह कहा गया है कि छात्र संघ के चुनाव नहीं कराए जाएंगे । लेकिन दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ के चुनाव उसके बाद हुए हैं । मेरी मांग है कि राजस्थान में भी छात्र संघ के चुनाव कराएं । आप छात्रों से बात करें और अपनी सरकार को निर्देश दें, ताकि छात्र संघों के माध्यम से अच्छे नेता इस देश को मिलें । हम लोग भी छात्र संघ के माध्यम से आए हैं, आप भी आए हैं । मेरा निवेदन है, आप राजस्थान सरकार से अच्छी तरह से वाकिफ़ हैं । पूर्ववर्ती सरकार के समय राजस्थान में मिड-डे मील योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ था । सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग लेखा विभाग तथा केंद्रीय सहकारी संस्थाओं, कार्यरत कार्मिकों की भूमिका इसमें शामिल थी और मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका को ले कर ईडी ने वहां पर छापेमारी भी की थी । चहेती कंपनी को मनमर्जी से टेंडर दिए गए और एक सरगना कमलजीत सिंह राणावत, जिसे आंगनवाड़ी केंद्रों में घटिया फर्नीचर सप्लाई में गिरफ्तार भी किया जा चुका था, उसकी भूमिका भी इसमें शामिल थी । ? (व्यवधान) चूंकि इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र की होती है । तीन आईएएस अफसर ? मुक्तानंद अग्रवाल, भंवर लाल और मोहन लाल यादव व कॉनफेड के तत्कालीन निदेशक वीके वर्मा सहित 40 लोगों के खिलाफ एसीबी ने राजस्थान सरकार से एफआईआर की अनुमकि मांगी है । मेरी मांग है कि इस संदर्भ में भारत सरकार एक एफआईआर सीबीआई में दर्ज करवाए और जाँच करवाए, क्योंकि राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री की फैक्ट्री पर इस मामले में ईडी की रेड हुई थी । चूंकि मिड-डे मील का वितरण स्कूलों में होता है और राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री पर इस मामले सहित कई पेपर लीक के आरोप लगे हैं और वे मिड-डे मील के मामले में संदेह के घेरे में हैं । यह पूरी जांच आपको करनी चाहिए । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अब आपकी बात समाप्त होती है ।

श्री मनीष जायसवाल ।

? (व्यवधान)

श्री मनीष जायसवाल **(**हज़ारीबाग**) :** सभापति महोदया, माँ सरस्वती की वंदना करते हुए, शिक्षा मंत्रालय की अनुदान की मागों पर जो चर्चा हो रही है, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ । सभापति महोदया, वर्तमान की शिक्षा को अगर हम समझें, इसके लिए ज़रूरी है कि हम अपने इतिहास में जाएं । पूर्व में इस देश की क्या स्थिति थी और वर्तमान में क्या स्थिति है । इसके लिए दोषी कौन हैं? हम सभी जानते हैं कि पूर्व काल में यह देश सोने की चिड़िया हुआ करता था । हर क्षेत्र में ? चाहे वह व्यापार का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, हम लीडर थे ।

विश्व को हम दिशा दिखाते थे । अंग्रेज आए, अंग्रेजों ने हमारी सभ्यता पर वार किया, हमारी शिक्षा प्रणाली पर वार किया । अंग्रेजों से जब हमें मुक्ति मिली, वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ और अंबेडकर जी का संविधान बना, तो संविधान में उन्होंने प्रोविजन किया कि सबके लिए शिक्षा होगी, चाहे वह गरीब हो, अमीर हो, कोई भी हो । सबके लिए शिक्षा को अनिवार्य किया जाएगा । अभी यहीं से विडंबना शुरू होती है ।

सभापति महोदया, कांग्रेस वर्ष 1947 के बाद आई । इन्होंने अंबेडकर जी के संविधान पर ध्यान नहीं दिया । अगर शुरुआत से ही शिक्षा पर फोकस दिया जाता तो शायद हमारे देश में शिक्षा की जो वर्तमान स्थिति है, जिसमें हमारे लोग शिक्षित नहीं हैं, शायद यह स्थिति आज नहीं बनती । इसके पीछे एक सुनियोजित षडयंत्र है । कांग्रेस ने हमेशा इस देश में लोगों को एक वोट बैंक के रूप में ट्रीट किया है । अगर ये लोगों को पढ़ा देते, लोग समझदार हो जाते तो शायद इतनों सालों तक इनको वोट देने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता ।

सभापति महोदया, आज इस देश में युवा पॉपुलेशन काफी है । अगर हम उनके एजुकेशन को देंखे तो एक बहुत बड़ी समस्या है । एक तरफ यह हमारा स्ट्रेन्थ भी है, आज हमारी युवा स्ट्रेन्थ है तो दूसरी तरफ, जब हम एजुकेशन में जाते हैं तो यही हमारे लिए एक बड़ी समस्या का कारण बनता है । लेकिन, उसके बावजूद भी आप देखिएगा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की जो सोच है -

कश्तियों को बदलने की कोई जरुरत नहीं होती,

केवल दिशा को बदलने से किनारे अपने आप बदल जाते हैं ।

महोदया, वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति आती है । इस नई शिक्षा नीति पर देश को आगे बढ़ाने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी करते हैं । अब आप एक तुलना देखिए । जब कांग्रेस की बारी आई, जब कांग्रेस ने इतिहास लिखा, तब उन्होंने क्या लिखा- महाराणा प्रताप की जगह इन्होंने अकबर को महान बताया । शिवाजी की जगह इन्होंने औरंगजेब को महान बताया ।? (व्यवधान) इतिहास में जो सम्मान छत्रपति शिवाजी को मिलना चाहिए था, महाराणा प्रताप जी को मिलना चाहिए था, भगत सिंह को मिलना चाहिए था, उसके बदलने में इन्होंने बाबर, अकबर, औरंगजेब जैसे लोगों को महान बताने का काम किया । यह इनका संस्कार है । ? (व्यवधान)

महोदया, अभी तो मैंने अपनी बात शुरू की है । मुझे दो मिनट का समय दीजिए ।

माननीय सभापति **:** आप अपनी बात पूरा कीजिए ।

श्री मनीष जायसवाल **:** सभापति महोदया, अभी आप आरटीई का हालचाल देखिए । राइट टू एजुकेशन में किस प्रकार से कांग्रेस ने बेईमानी की है । आज राइट टू एजुकेशन, जो माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस हैं, चाहे वह मिशनरी के

स्कूल्स हों, चाहे वह किसी भी माइनॉरिटी के स्कूल हो, उन पर राइट टू एजुकेशन लागू नहीं है । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या गरीब बच्चों को, उस समुदाय के गरीब बच्चों को फ्री एजुकेशन का अधिकार है या नहीं है । मंत्री जी अभी यहां पर है । मैं उनसे मांग भी करूंगा कि कांग्रेस की इस भूल को वह सुधारने का काम करें ।

सभापति महोदया, अभी सौगत दादा नहीं है । वह यहां से चले गए हैं । उन्होंने आरएसएस पर प्रहार किया कि आरएसएस शिक्षा में अननेसेसरी दखलंदाजी करती है । विद्या भारती, जो सरस्वती विद्या मंदिर का संचालन करती है, पूरे देश में सबसे अच्छी और आदर्श के साथ अगर किसी को शिक्षा प्रदान की जाती है तो इन स्कूलों में की जाती है । इसके पीछे आरएसएस का डायरेक्टली हाथ है ।

सभापति महोदया मैं मानता हूं कि शिक्षा की जो स्कीम हैं, वह इसकी नींव है । मेरी धर्मपत्नी भी शिक्षिका है और मैं उनका बड़ा सम्मान करता हूं ।

सभापति महोदया, आज झारखंड में पैरा-शिक्षकों की तरफ देखिए । बहुत सारी सरकारें आईं । लोगों ने उनको परमानेंट करने की बात कही, उनको अच्छा वेतनमान देने की बात कही, लेकिन आज तक उनको कोई भी राहत नहीं मिल पाई है । झारखंड के हालात पर मैं दो मिनट चर्चा करना चाहता हूं ।

माननीय सभापति **:** आप अपनी बात समाप्त करिए ।

श्री मनीष जायसवाल **:** महोदया, मैं एक मिनट में अपनी बात को समाप्त करूंगा । आज झारखंड में, स्कूल्स में संडे की बजाए फ्राइडे को छुट्टी हो रही है । वहां हिंदू स्कूल्स को उर्दू स्कूल्स में बदला जा रहा है, और तो और स्कूल के गेट पर मीनार का शेप बना दिया गया है । ऐसी व्यवस्था में हम शिक्षा को सुधारने की बात कैसे कर सकते हैं?

मैं कोयले के क्षेत्र से आता हूं । हमारे यहां मां छिन्नमष्तिका देवी का प्रभाव है । मंत्री जी से मैं यही आग्रह करना चाहता हूं कि वहां पर बहुत सारी कोल माइन्स हैं, तो एक इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स अगर हमारे यहां रामगढ़ में संचालित हो जाए तो बहुत लाभ होगा । साथ ही साथ, मैंने सलाह दी कि आरटीई में जो विसंगति है, जो माइनोरिटी इंस्टीट्यूशन्स को छोड़ दिया गया है, उनको ऐड करना चाहिए । बहुत सारी बातें बोलने को थीं, लेकिन समय की कमी है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD):** Thank you, Madam. A direct connection can be drawn between the policies of this Government and the continuing educational backwardness of Muslims. In both higher education and schooling, Muslims want to get formal education, but because of Government?s apathy and negligence, Muslims drop out of the educational system sooner than children of any other community.

The Government?s UDISE data that covers school education, says that Muslim students? representation gradually declines from Class VI onwards, reaching its lowest in Classes XI and XII. Enrolment percentage of Muslim students drops from 14.42 per cent in upper primary Classes VI to VIII to 10.76 per cent in higher

secondary Classes XI and XII. Only 76.37 per cent of Muslim students continue after elementary school compared to the national average of 81.26 per cent.

Madam, 28 States have a GER of 80 per cent for primary education, but only 12 States achieve 80 per cent at the secondary level. This shows a clear systemic bias against Muslims. Muslim children do not have the means to cross beyond primary education. But the Government has limited pre-matric and post-matric scholarships to Class IX and above. I want to know this from the Modi Government. Do the Muslims of this country have a fundamental right to education under Article 21A or do you want to make second-class citizen status of 17-crore Muslims permanent?

There are 1.79 lakh fewer Muslims pursuing higher education today. That was not the case till 2021. You unleashed your ideology on the biggest minority. I want to give them some bad news and good news to the nation. Those who say, we, Muslims do not teach our girls and oppress our women are wrong. I am quoting data. I can challenge anyone. More Muslim girls are enrolled at school level than boys. The Gender Parity Index for the rest of the population is 0.93, but for Muslims it is 0.99. The sad fact is that these girls and boys are not prevented from educating themselves because of some ?evil Muslim men? but because of crushing poverty and absence of Government support.

This Government?s Education Policy talks about universal access to education and ensuring universal literacy in India by 2047. But how can you achieve it when 14 per cent of the population is dropping out of education after primary level? How can you achieve it when about 25 per cent of rural youths in the age group of 14 to 18 cannot read a Class II level text fluently in their regional language, while more than half struggle with division (3-digit by 1-digit) problems, a skill usually expected to be achieved in Classes III and IV.

Over the years, there has been a shift in momentum towards private schools. Government data indicates a decrease in the share of Government schools in the elementary category from 87 per cent in 2006 to 62 per cent in 2022. Maybe the Mughals are responsible for this. This means that the Government has decided to leave the poorest Indians to for-profit schools and abandoned its responsibility under the RTE.

Madam, for Kendriya Vidyalaya, the Government has allocated Rs. 9,030 crore and for Navodaya Vidyalaya Rs. 15,800 crore. How is it that you have a vacancy of 6,653

in teaching and non-teaching staff? Would you blame Babar for this? I am sure that you will do it.

In Navodaya Vidyalaya, Rs. 15,800 crore have been allocated whereas 4,675 vacancies are there. The sanctioned strength in Navodaya Vidyalaya is 34,354 and in Kendriya Vidyalaya it is 56,703. You have passed a law five months ago about cheating and malpractice, but you are so great in implementing it that it took you five months. Maybe, you were waiting for the NEET paper to leak. This is what I can say about it.

I will show the classic example of favouritism over here. Jamilia Millia Islamia is allocated Rs. 3 lakh per student, Aligarh Muslim University is allocated Rs. 3.9 lakh per student and BHU gets Rs. 6.15 lakh per student. Why this favouritism? Rs. 1,558 crore have been allocated under the PM-USP. May I request the hon. Minister, through you Madam, to please have some liberal mindedness so that more Muslim students can get this?

In HEFA scheme, Rs. 39,720 crore have been sanctioned for 403 institutions out of which 22 are IITs and 12 are AIIMS. These people can pay back money. How can Jamia Millia and AMU pay back money? I do not know who has told you this. More importantly, 29 per cent of graduates and above in India are unemployed, and half of them do not do low-skilled jobs. This is sorry to understand.

May I come to Jamia Millia? There is no permanent Vice Chancellor in Jamia Millia. Why is it so? Why is it that a Registrar is not even qualified to hold that post? Why is it that a Standing Council is running the Jamia Millia? Please enquire why Rs. 438 crore have been given in HEFA? Has a competent construction company given it or someone has given it on the basis of favouritism? How is it that the present status of 100-years old Jamia Teachers Association, their office has been sealed, their body has been dissolved, there is no fund to run the University and to pay outsourcing staff, for building maintenance and there is no research grant? I demand that the Registrar and the Standing Council be immediately removed.

Now, coming to the Aligarh Muslim University, ? (*Interruptions*) AMU daily wage workers are 1,400 and temporary are 1,559. Why do you not regularize them? Why are you not giving separate funds, hon. Minister Garu, to the AMU branch at Murshidabad, in Malappuram and in Kishanganj? Do you want them to be closed?

As of July, 2023, the share of ST/OBCs in senior professors is even lower. I am just giving the figures. In Central Universities, there are 66.29 per cent general teaching

staff and SC/ST/ OBC is only 30 percent. In NIT, it is only 67 per cent and 33 per cent are ST/OBC. In IIT, it is 84.5 per cent in general category and for SC/ST/OBC it is 14 per cent. For IIM, it is 86.83 per cent in general and 11 per cent for SC/ST/OBC. Who is responsible for it? You are running the Government for 10 years. ? (*Interruptions*)

Lastly, NCERT has been given Rs. 500 crore. ? (*Interruptions*) I dare say that this Government has been distracted with fudging textbooks and teaching propaganda to children. ? (*Interruptions*)

Do you want me to sit down? Do you want to say it on record? ? (*Interruptions*) NCERT has removed the reference to Babri Masjid and 2002 riots. Why should people not learn from mistakes of the past? Should our children not learn about the Gujarat pogrom and the massacre of minority Muslims? Those who ignore history?s mistakes are bound to repeat them. It has made-up history and argued that Indians did not have migrant DNA. ? (*Interruptions*)

The truth is that the DNA shows that there were four waves of migration to India, namely from Africa, Iran, South-East Asia and Asian pastoral or the Aryans. There is scientific consensus on this. ? (*Interruptions*)

May I request this from the hon. Minister, through you? Why do you want to hide the killers of Mahatma Gandhi? Do you want to make Godse a freedom fighter? Let the children know who is a *deshbhakt*. Why are you trying to protect your ideological organisation?

In the end, I would appeal to the Government to fix their priorities. You need to construct more government schools, improve quality of schooling, and you need to make active efforts to reduce dropout rate of Muslims. You have your job cut out for you. Do not waste your time. Do not use school textbooks as a battleground for petty ideological quarrels. ? (*Interruptions*) The future of our children depends on the quality of their education. ? (*Interruptions*)

May I request the hon. Minister to concentrate on 14 per cent Muslims who have the highest dropout rate? We want this nation to become Viksit Bharat, but if you keep on unleashing the ideology of hatred, then you cannot become Viksit Bharat. Thank you, Madam.

एडवोकेट चन्द्र शेखर **(**नगीना**) :** माननीय सभापति जी, आपने मुझे शिक्षा मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं । यह अच्छी बात है कि शिक्षा मंत्री जी भी यहां मौजूद हैं और जवाब भी उनको ही देना है ।

महोदया, शिक्षा का बाजारीकरण रोका जाए । सरकारी शिक्षण संस्थानों में विधिवत् उच्च शिक्षा की व्यवस्था की जाए । एक क्लास, एक सलेबस होना चाहिए और समान शिक्षा पॉलिसी लागू होनी चाहिए, लेकिन सरकार ने तो एजुकेशन का बजट ही कम कर दिया है । जब पढ़ेगा नहीं भारत तो कैसे बढ़ेगा भारत? एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के बजट में कटौती की गई है । मेरी मांग है कि इसे बढ़ाया जाए और नए छात्रावास बनाए जाएं । मैं यूपी से आता हूं । हनुमान बेनिवाल जी छात्र राजनीति से आए हैं । राजस्थान और उत्तर प्रदेश के छात्रों की मांग है कि छात्र संघ चुनाव बहाल कराए जाएं ताकि गरीब किसान का बेटा भी नेता बन सके और अपने हक के लिए लड़ सके । एससी, एसटी वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश में पढ़ने की व्यवस्था कराई जाए, इसका आंकड़ा अभी बहुत कम है ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र में नेटोर और नजीबाबाद में सरकारी डिग्री कॉलेज बनाया जाए । सहारनपुर में डिग्री कॉलेज बनाया जाए । भादोवाला में कन्या इंटर कॉलेज बनाया जाए । नगीना लोकसभा क्षेत्र में नए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की स्थापना की जाए, आईआईटी और आईआईएम की भी स्थापना की जाए । आईआईएम में आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाए । हमारे साथी भी इसके बारे में कह रहे थे, इनकी इच्छा है और यह व्यवस्था लागू होनी चाहिए । छात्रों को पोषण और विटामिन सप्लीमेंट्स दिए जाने चाहिए । स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालय में एससी, एसटी और ओबीसी के रिक्त पदों को भरा जाए । जब टीचर होंगे तभी तो वे पढ़ाएंगे, टीचर कम हैं और बच्चे ज्यादा हैं । एससी, एसटी छात्रों को विशेष शिक्षा सुविधा दी जानी चाहिए । स्किल डेवलपमेंट सैंटर खोले जाने चाहिए । कॉलेजों और आईआईटी में जातिगत आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त किया जाए । बहुत बच्चों की जान चली गई, सब ब्रिलिएंट थे, लेकिन इस दिशा में कोई काम नहीं हो रहा है ।

हमारे क्षेत्र में नवोदय स्कूल, केंद्रीय विश्वविद्यालय, नेशनल बाल भवन, मिलिट्री स्कूल और सैनिक स्कूल की स्थापना की जाए । यह ग्रामीण क्षेत्र है । हमारे क्षेत्र में टीचर ट्रेनिंग सैंटर्स खोले जाएं जिससे शिक्षकों की कमी दूर होगी और बेरोजगारी भी घटेगी । बालिकाओं और महिलाओं के लिए अत्याधुनिक एवं सुरक्षात्मक होस्टल उपलब्ध कराए जाएं । आईआईटी जैसे शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्र, जो पढ़ाई में पीछे हैं, उनको विशेष सुविधा प्रदान की जाए ताकि वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें । पहली कक्षा से 12 वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए नया पाठ्यक्रम शुरू किया जाए जिसमें संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित मूल अधिकारों पर शिक्षा दी जाए । लोग जानते ही नहीं हैं कि उनके अधिकार क्या हैं और कर्तव्य क्या हैं क्योंकि संविधान पढ़ाया ही नहीं जाता है ।

स्कूलों में जातीय सांप्रदायिकता और छुआछूत समाप्त करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा दी जाए और खेलों को बढ़ावा दिया जाए । ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों में ग्राउंड नहीं होगा, स्पोर्ट्स टीचर नहीं होंगे तो उनका शारीरिक विकास कैसे होगा? मिड-डे-मील स्कीम में भोजन की गुणवत्ता में सुधार किया जाए क्योंकि दूषित मिड-डे-मील खाने से बच्चे बीमार हो रहे हैं और इस तरह की खबरें अखबारों में आती रहती हैं । हमारे साथी नागौर से हैं, हनुमान बेनिवाल जी जो कह रहे थे, इनकी मांग को भी माना जाए कि जिन लोगों ने घोटाला किया है, उनकी जांच हो और उन पर मुकदमा चले ।

राज्य में शिक्षा अधिकार नियम, 2002 के तहत छ: से 14 साल के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाए और इसका पालन सख्ती से किया जाए । जो संस्थान इस अधिनियम का पालन नहीं करते, उनकी वित्तीय सहायता रोकी जाए । शिक्षण संस्थानों में कार्यरत एससी, एसटी और ओबीसी शिक्षकों पर होने वाले जातिगत भेदभाव को रोका जाए । बाल छात्राओं और महिलाओं के लिए कौशल विकास केंद्र खोले जाएं । घुमंतू जाति के बच्चों के

लिए मोबाइल स्कूल चलाए जाएं । छात्राओं के लिए आत्म रक्षा और खेल की विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ।

महोदया, एसपीक्यूईएम योजना को पुन: आरंभ किया जाए । यह योजना शिक्षा की गुणवत्ता और सुधार की महत्वपूर्ण योजना थी जिसे अल्पसंख्यक मंत्रालय ने मदरसों में चलाया था । इस योजना के अंतर्गत एनआईओएस के माध्यम से मदरसे में बच्चों को मुफ्त और हाई स्कूल में इंटरमीडिएट पढ़ाई कराने का प्रावधान था । एनआईओएस एचआरडी मंत्रालय के अधीन चलने वाला ओपन बोर्ड है और इस योजना के तहत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है । आप मनुस्मृति शुरू करवाना चाहते हैं, यह गलत है । हम इसका विरोध करेंगे अगर कोई इस तरह का कदम उठाएगा । यह अच्छा नहीं है ।

मौलाना जोहर यूनिवर्सिटी रामपुर में थी । आप शिक्षा की बात करते हैं, आज़म साहब, आप देखिए, राजनीतिक कारणों से जेल में बंद कर दिया है और उनके साथ किस तरह का अत्याचार हो रहा है । मैं मांग करता हूं कि राजनीतिक कारण छोड़कर उस यूनिवर्सिटी को बंद करने का सरकार का लक्ष्य गलत है । इस तरह से आप रोक नहीं सकते हैं । बीएड के बच्चों का भविष्य खराब हो गया है । इनकी संख्या करोड़ों में है । एक नए आदेश के तहत प्राइमरी स्कूल में भर्ती नहीं हो सकते । इससे बीटीसी और बीएड के बच्चे परेशान हैं । मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इस पर ध्यान दें ।

मैडम, मेरा आपसे एक बहुत इम्पॉर्टेंट आग्रह है कि सभी नेताओं के, सभी कर्मचारियों के और जितने भी लोग सरकारी लाभ लेते हैं, उन सबके बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाया जाए और समान शिक्षा पॉलिसी लागू हो, जिससे कि सरकारी स्कूलों में सुविधाएं आएं । सरकारी स्कूलों में एक बड़ा भाग पढ़ता है । प्राइवेट स्कूल में नहीं घुस सकते हम लोग । बाबा साहब अम्बेडकर जी को मैं आज याद करता हूं, मां सावित्री बाई फुले, ज्योतिबा फुले जी को आज याद करता हूं, जिन्होंने पहला स्कूल खोला । मैं आपसे फिर कह रहा हूं । संत गाडगे जी महाराज ने कहा कि एक रोटी कम खाओ, लेकिन अपने बच्चे को पढ़ाओ । बाबा साहब ने कहा- ?शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पिएगा, दहाड़ेगा? । शिक्षित होने के लिए हम लोग बोल रहे हैं । इसके साथ खेलना और इसका बाजारीकरण रोका जाए, साथ ही सबको पढ़ने का मौका मिले, इसका ध्यान सरकार रखे । शिक्षा मंत्री जी से आग्रह है कि आप ग्रामीण बच्चों पर ध्यान दें । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**SHRI SHREYAS M. PATEL (HASSAN):** Madam, thank you for giving me the opportunity to speak in this august House.

I would like to thank the voters of my constituency and the leaders of my Party.

Madam, I rise to speak on the Demands for Grants pertaining to the Education Ministry for the year 2024-25. The Government expenditure on education as a percentage of GDP remains alarmingly low. The Economic Survey 2023-24 highlighted a mere 2.7 per cent allocation, significantly below six per cent of the National Education Policy 2020. This underspending directly impacts the quality of education. The Union Budget has marginally increased the funding for higher education, allocating Rs. 47,619 crore, which is less than one per cent of the total budget. This funding is inadequate given the sector's growing demands. Public institutions face severe resource constraints. The neglect of R&D, lack of focus on

skill development, equity issues and absence of meaningful administrative reforms undermine its potential.

The Centre should prioritise funding and strengthen the existing universities before creating new ones as neglecting the current institutions in favour of new ones is counterproductive. Please remember the Karnataka education system has produced stalwarts like Sir Visvesvaraya and Infosys?s Narayana Murthy.

Furthermore, the scholarships, grants and financial aid programmes for the marginalised and economically disadvantaged groups have not seen significant enhancements. Ensuring equal access to quality education is crucial for social mobility and reducing inequality, which the Budget does not adequately support. In this background, I recall the UPA?s achievements like enactment and implementation of the Right of Children to Free and Compulsory Education that encouraged equitable education to all. This was the fulfilment of Dr. B.R. Ambedkar Ji?s dream to have a law on primary education. I would also like to highlight a long-pending proposal for the establishment of an Indian Institute of Technology (IIT) in the Hassan Constituency. Having an IIT will create a knowledge-based ecosystem that generates employment opportunities and contributes to the local economy. The State Government has notified and acquired land for the IIT.

Coming to my constituency, in the Taluks of Arsikere, Arakulgud, Bellur, Channarayapatna, Hassan, Holenarasipura, Sakaleshpura and Kadur, around 15 schools are there under the PM SHRI Scheme. Our district administration has proposed 151 PM SHRI schools. I request the hon. Minister, through you, to kindly approve 25 PM SHRI schools. It is my humble request. I urge the Government to increase this limit to avoid regional disparities and ensure fair distribution of resources.

Due to heavy rainfall in Karnataka and in my Hassan Constituency, around 200 mid-day meal preparation rooms have been damaged. I urge the hon. Minister to allocate special funds for their repairs.

Moreover, the Jawahar Navodaya Vidyalaya school in my constituency, which has been serving the students for 37 years, urgently needs renovation.

In conclusion, increasing our investment in education is essential for our nation's progress. Let us commit to making quality education accessible to all.

Thank you.

श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी **(श्रीनगर) :** धन्यवाद सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से एजुकेशन के ग्रांट्स पर जो डिस्कशन हो रही है, उसमें पार्टिसिपेट करते हुए पहली बात माननीय मंत्री जी के नोटिस में पहुंचाना चाहूंगा कि जो नीट का एग्जाम होने वाला है, शायद 11 अगस्त को नीट का एग्जाम हो रहा है, उसके लिए इन्होंने बच्चों के सेंटर्स आउटसाइड स्टेट्स रखें हैं । हरेक स्टेट से इस तरह की शिकायतें आ रही हैं । इसी तरह से जम्मू-कश्मीर से भी बच्चे कह रहे हैं कि उनके सेंटर्स आउटसाइड स्टेट रखे गए हैं । वे 1000-2000 किलोमीटर के फासले पर रखे गए हैं । उनके लिए इतनी शॉर्ट नोटिस में लॉजिस्टिक वगैरह के साथ ट्रैवल करना लगभग नामुमकिन होगा । मैं आपके माध्यम से गुजारिश करना चाहूंगा कि स्टूडेंट्स के एग्जामिनेशन के लिए या नीट के टेस्ट के लिए सेंटर्स उनके अपने ही स्टेट्स में रखे जाएं ।

दूसरा, जम्मू-कश्मीर में इन्होंने जो एकेडमिक ईयर चेंज किया है, वह अपनी मनमर्जी से किया है । जम्मू में एकेडमिक ईयर मार्च से शुरू होता है । वह ठीक है । हमेशा से वैसा ही चला आ रहा है । कश्मीर वैली में वेदर के लिहाज से हमारी जो एनुअल वेकेशन होती है, वह विंटर वेकेशन होती है । जैसे ही एकेडमिक शुरू होता है, उसके तुरंत बाद ही हमारा ईयरली वेकेशन शुरू हो जाता है । उससे जो वेकेशन का पर्पस होता है, वह सर्व हो जाता है, क्योंकि हमारे विंटर्स वेकेशन प्रोलांग्ड होते हैं । हमारी समर वेकेशन नहीं होती है । हमारी जो ईयरली वेकेशन होती है, वह विंटर वेकेशन होती है । ये जो एकेडेमिक ईयर चेंज करके मार्च में लाए हैं, उससे वेकेशन का जो कॉन्सेप्ट है, वह खत्म हो गया है । उससे पर्पस सर्व नहीं होता है । इसके अलावा बच्चों पर डबल एफर्ट्स का लोड पड़ता है । उनसे गुजारिश है कि वहां के क्लाइमेट को, वहां की ज्योग्राफी को नजर में रखते हुए एकेडमिक ईयर को चेंज करें, जैसे वह पहले था । हर चीज में एक निशान, एक मुल्क वगैरह लाना, अनरीजनेबल चीजें लाना सही नहीं होता है । हमारे रियासत में जो कॉन्ट्रैक्चुअल लेक्चरर्स हैं, उनके हवाले से कहना चाहता हूं कि उनके लिए कोई क्लियर कट स्कीम और कोई क्लियर कट रोडमैप लाया जाया । जम्मू-कश्मीर रियासत में जो पीएचडी होल्डर्स हैं, स्कॉलर्स हैं, जो कॉन्ट्रैक्चुअल बेसिस पर काम कर रहे हैं, वे ओवर एज होते जा रहे हैं । अभी तक उनको रेगुलराइज करने के लिए न कोई स्कीम है और न कोई पॉलिसी है । उनके लिए कोई पॉलिसी लाई जाए । उनमें से बहुत सारे ओवर एज हो रहे हैं । बहुत सारे ओवर एज हो चुके हैं । उनकी सर्विसेज को रेगुलराइज किया जाए और उस हवाले से काम किया जाए ।

महोदया, इसी तरह से माइनोरिटीज के हवाले से जो अभी बात हुई, यहां पर जो स्कॉलरशिप थी, फेलोशिप थी, जिनको यहां पर सपोर्ट किया जा रहा है, उनको जो ऐड मिला करता था, उनको या तो बंद कर दिया गया है या 90 परसेंट हद तक फंडिंग कम की गई है । 10 स्कीमें ऐसी हैं, जिनसे पूरे मुल्क में माइनोरिटीज फायदा उठाती थीं, चाहे वह मौलाना आजाद स्कॉलरशिप हो, पढ़ो प्रदेश स्कीम, बेगम हजरत महल नेशनल स्कॉलरशिप स्कीम, नया सवेरा, नया उड़ान स्कीम, हमारी जो स्पैम स्कीम प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम था, उनको या तो बंद कर दिया गया है या 90 परसेंट हद तक उनकी फंडिंग कम कर दी गई है । यह माइनोरिटीज के साथ ज्यादती है । ये चाहते हैं कि माइनोरिटीज न पढ़ें । उनके एजुकेशन के हवाले से ये एक जंग लड़ना चाहते हैं, जो सरासर नाइंसाफी है । मैं आपके हवाले से गुजारिश करना चाहता हूं कि ये इस पॉलिसी से बाज आएं । जो माइनोरिटीज पीछे रह चुके हैं, उनको एजुकेशन में सपोर्ट किया जाए, फंडिंग की जाए, उनका हाथ पकड़ा जाए, ताकि वे आएं और इस मुल्क में कंट्रीब्यूशन करें तथा वे पढ़-लिखकर अपने सही मुकाम तक पहुंचें ।

सभापति महोदया, मुझे बोलने के लिए वक्त देने के लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं । धन्यवाद ।

श्री सतीश कुमार गौतम **(अलीगढ़) :** सभापति महोदया, आज सदन में जिस तरह से शिक्षा क्षेत्र की बात हो रही है । मेरे लोक सभा क्षेत्र में अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के नाम से केंद्र शासित यूनिवर्सिटी है । जब यह यूनिवर्सिटी बनी तो उसकी स्थापना से पहले बीएचयू केंद्र शासित यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई थी । बीएचयू में

एससी, एसटी, ओबीसी सब बच्चों को आरक्षण मिलता है । लेकिन अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में न ही एससी को आरक्षण है, न ही एसटी को आरक्षण है, न ही ओबीसी वर्ग को आरक्षण मिलता है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी के एक मंत्री के द्वारा एक पत्र जारी कर दिया गया था कि ये अल्पसंख्यक दर्जा है । जब वह केन्द्रशासित यूनिवर्सिटी है, तो उसको अल्पसंख्यक का दर्जा मिल ही नहीं सकता है, क्योंकि केन्द्र सरकार के पैसे से ही यूनिवर्सिटी चलती है । उसमें एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के बच्चों को आरक्षण न देकर उनकी शिक्षा को भटकाया जा रहा है, वे शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं ।

एक तरफ तो कांग्रेस पार्टी एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की बात करती है । दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के एक शिक्षा मंत्री ने एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के बच्चों का गला घोंटने का काम किया है । मैं सरकार से मांग करता हूं कि जब बीएचयू में आरक्षण है, तो अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में भी एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के बच्चों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए । मेरी इस सदन के माध्यम से यह मांग है ।

माननीय सभापति **:** श्री राजकुमार रोत ? उपस्थित नहीं ।

सुश्री इकरा चौधरी जी ।

**SUSHRI IQRA CHOUDHARY (KAIRANA):** Thank you, hon. Chairperson, Madam. I rise to speak on the Demands for Grants of the Ministry of Education. While the Union Ministry of Education recently celebrated the 4th anniversary of NEP ? 2020 with a week-long ?Shiksha Saptah?, this grandstanding does nothing to address the stark reality. And as a Member who has recently been a student too, I would like to shed some light on the facets that are not as rosy as the Government might think.

Despite the NEP-2020?s clear directive and the Kothari Commission?s long-standing recommendation for six per cent of the GDP in education, the Ministry of Education?s allocation is less than half of what has been recommended. The biggest cut has been for the University Grants Commission, which saw a 61 per cent dropping from Rs. 6,409 crore to only Rs. 2,500 crore this time. This will affect the higher education of our country.

Madam Chairperson, in 2020, India?s average learning-adjusted years of schooling was 7.1 years, lagging behind countries like Mexico, Kenya, Sri Lanka, Iran, UAE and even Palestine. The foundational skills are alarmingly weak among 14 to 18 years old. About 25 per cent of those surveyed could not read a Standard 2 level text in their regional language, and only 43 per cent could solve a simple division problem. Shockingly, nearly 43 per cent of undergraduate students also struggled with basic division. This report is a testament to the fact that in reality, our education system has failed to educate a large section of the population, especially the students from the underprivileged backgrounds dependent on the State-run education.

Madam Chairperson, higher education especially for women is crucial to gaining empowerment and employment. The AISHE report shows that only 10.4 per cent of colleges in the country were exclusively for female. In the constituency that I represent, and in other such areas in the country, patriarchal beliefs have prevented women from accessing co-ed colleges. Therefore, we need women-specialised institutions so that women can get educated and can go further in the society.

महोदया, पिछले सात सालों में देश भर में 70 पेपर्स लीक हुए हैं, जिससे दो करोड़ युवाओं की जिंदगियां बर्बाद हुई हैं । ?नीट?, ?नेट? और अन्य ऐसे पेपर्स लीक हैं, जिससे हमारे देश की परीक्षा कराने वाली संस्थानों की छवि पर गहरा धब्बा लगा है, जिसके कारण देश के युवा का इस सरकार के निष्पक्ष परीक्षा कराने की क्षमता से भरोसा उठ चुका है ।

इसी के संदर्भ में एनसीआरबी की एक रिपोर्ट में जो स्टूडेंट सुसाइड रेट है, वह 7.6 प्रतिशत हो गई है । वर्ष 2022 की रिपोर्ट में ऐसा बताया गया था । A similar situation is with the NET and the DU?s LLB examinations. The abrupt cancellation and the mismanagement of the NTA are crucial issues that the Government needs to look into.

Naan Mudhalvan is an ambitious scheme which aims at imparting employment-oriented skillset to the youth. Identifying the aspirations in early stage and providing a strong base for their employment is the special aspect of this scheme. Under this scheme a total number of 8,67,947 students studying in the colleges

coming under the Directorate of Collegiate Education have been imparted skill training. In the job fairs conducted 63,665 students have participated and 15,753 students have been issued offer letters.

TAMIL PUTHALVAN THITTAM in order to increase the enrolment ratio of Girl students in Higher Education, "Pudhumal Penn Scheme" has been introduced and it has brought a remarkable change in women education. Likewise, from the year 2024-25 "Tamil Puthalvan Scheme" is to be implemented to encourage the Male students who have studied 6th to 12th in Government schools and pursuing their Higher Education Due to this, the enrolment ratio of Government school students will increase considerably 1,000/ per month will be awarded to the student. To implement this ambitious scheme it is proposed to allocate Rs. 360 crore during 2024-25.

NAAN MUTHALVAN SCHEME As per the direction of the Government of Tamil Nadu, the scheme is implemented to Impart industry relevant, employable and Entrepreneurial skills to the students. Under this scheme, In second semester English communication will be offered which is certified by the Cambridge University. Digital Skill will be provided in fourth semester certified by Microsoft, NSE etc. NASSCOM-SKILLSDA training course for the final year UG and PG students of Thiruvalluvar University was conducted. The mega placement was conducted in the year 2023 for the trained students. More than 3,000 students from this University were placed tis the reputed companies.

Tamil Nadu Science and Technology Centre has established Periyar Science and Technology Centre with M. Birla Planetarium in Chennai, Anna Science Centre Planetarium in Tiruchirappall, Dr.Kalaignar Karunanidhi District Science Centre in Vellore and Regional Science Centre in Coimbatore. Planetariums in Chennai and Tiruchirappelli are engaged in Astronomy education.

Tamil Nadu Science and Technology Centre, is implementing INSPIRE Award-MANAK from the year 2009 onwards (Million Minds Augmenting National Aspiration and Knowledge) programme in Tamil Nadu. Implemented in coordination with Department of Science & Technology and National Innovation Foundation (NIF)-India. 83,987 students were honored with this award and cash awards worth Rs.47.77 crore were distributed.

SAKURA Exchange Programme Under the invitation of the Government of Japan, the students, who won Awards in the past INSPIRE Award - National Level

Exhibitions and Project Competitions held in New Delhi were taken to Japan to visit Research Institutions. So far, 16 students from Tamil Nadu have visited Japan under this programme through Tamil Nadu Science and Technology Centre.

"Tamil Nadu Unmanned Aerial Vehicles Corporation" in partnership with Madras Institute of Technology, Anna University has been established in order to cater the drone-based needs of various departments of Government of Tamil Nadu through drone-based solutions and services. The Tamil Nadu Unmanned Aerial Vehicles Corporation has been registered under the Companies Act as 100% Government owned private Itd company. The corporation apart from designing, manufacturing and trading in all types of drones will also provide a large number of drone-based services like agricultural pesticide spraying monitoring, mapping, surveillance, search and rescue, volumetric analysis for the user department.

Before I conclude, I would like to remind the people who designed the NEP-2020 is not suitable throughout the vast country like India. It may suits the Hindi heartland. But States like Tamil Nadu, Kerala are marching well ahead without the NEP. The success of any government lies in providing quality, purposeful education. Education, Application of that education in life, Living a useful life are the mantras for life in Tamil Nadu. I would urge the union Government to follow Tamil Nadu State Education Policy and the innovative, inclusive schemes to achieve the desired results throughout the Nation. We are defeated by not getting proper education. We are defeated by not utilizing our learning. Even if the wealth accumulated by us and by our forefathers may vanish, but our education will not leave us in distress. Our education will come along as a support for life always.

श्री जिया उर रहमान **(**सम्भल**) :** मैं आपका ध्यान शिक्षा से संबंधित समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूं । मैं जिस लोक सभा क्षेत्र से निर्वाचित हुआ हूं उसमें शिक्षा के साधन नहीं हैं । सम्भल लोक सभा में कोई भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है इसके कारण छात्रों को अच्छे शिक्षा नहीं मिल पा रही है । दूसरी ओर इस क्षेत्र में कोई भी विश्वविद्यालय नहीं है और छात्र-छात्राओं को इसकी वजह से उच्च शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है । जिस कारण यह शिक्षा के क्षेत्र में अधिक पिछड़ा होता जा रहा है । मेरे लोक सभा क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की हालत शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही खराब है । मुस्लिम समुदाय शिक्षा के क्षेत्र में दलितों से भी पीछे है । दूसरी ओर केंद्र सरकार अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिया के साथ भी सौतेला व्यवहार कर रही है । केंद्र सरकार लगातार मुसलमानों का बजट कम कर रही है अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के चार सेंटर बंद होने की कगार पर है केंद्र सरकार द्वारा छात्रों की जो छात्रवृत्ति बंद कर दी गई है जिसके कारण गरीब अल्पसंख्यक छात्र शिक्षा से वंचित हो रहे हैं जिससे मुस्लिम समुदाय लगातार शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ रहा है । दूसरी ओर शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की भर्ती न होना एक गंभीर विषय है सभी समस्याओं पर ध्यान देना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है और शिक्षा समितियां को इन पर विशेष ध्यान देना होगा ।

**SHRIMATI POONAMBEN MAADAM (JAMNAGAR):** I would like to express my views on the Demand for Grants for Education. Education is the key to social, economic, and political transformation. A well- educated population equipped with the right knowledge and skills is essential for our development. Education empowers individuals, uplifts communities, and drives national progress. It is not just for individual advancement; it is a powerful tool for societal change. It builds a knowledgeable, skilled, and innovative workforce that propels our nation forward. Investing in education is investing in the future of our country. Ensuring that every child, regardless of their background, has the opportunity to succeed and contribute to society. Quality education has always been given high priority in India's development policies, but it requires significant financial resources.

This year's allocation for education marks a pivotal moment for India's education sector. The allocation has increased by 6.8%, demonstrating the government's commitment to advancing education. I would like to congratulate the Hon'ble Finance Minister, who has outlined a comprehensive plan, allocating Rs 1.48 lakh crore for education, employment, and skill development. This is indeed commendable. We are paving the way for a brighter, more educated future for all Indians. By investing in education, we are not just building schools and colleges; we are building the dreams and aspirations of millions of young minds. This investment in our most valuable resource our people will drive innovation, economic growth, and social harmony. It will equip our youth with the skills and knowledge needed to compete globally and lead our country towards a future of unprecedented achievements.

This Government has integrated financial support for education, robust internship opportunities, and a strong focus on skill development. This holistic approach ensures that every segment of our society can contribute to and benefit from India's evolving economic landscape. Students studying abroad, especially in Ukraine, Israel, the UK, Canada, and Australia, have faced major challenges recently. The Government's decision to offer education loans of Rs 10 lakh for pursuing higher studies in India is a commendable step. This initiative will encourage students to study in India, where they will have a conducive learning environment. It will reduce brain drain. Additionally, the 3% reduction in education loan interest will alleviate financial stress for students and allow them to focus more on their studies.

The Government is taking significant steps to enhance vocational training and focus on STEM education, knowing that these areas can propel India towards becoming a global knowledge hub. Collaborative efforts between the government, private sector, and educational institutions are crucial to achieving these ambitious goals.

We must also recognize the importance of digital literacy in today's world. As we advance towards a 'Digital India,' this government is working towards integrating technology into our educational framework. The development of digital infrastructure in schools and colleges, along with training for teachers to effectively use digital tools, will ensure that our students are well-prepared for the future. Equitable access to digital resources will bridge the gap between urban and rural education, providing every child with the opportunity to excel.

Our visionary leadership has been putting a thrust on education, understanding its critical role in shaping the future of our nation. Recognizing that education is the cornerstone of a prosperous society, our leaders are committed to ensuring that every child, regardless of their background, has access to high-quality education. This commitment is reflected in the increased allocation of resources towards building robust educational infrastructure, improving teaching methodologies, and integrating technology into classrooms. Together, let us build a nation where every individual has the opportunity to learn, grow, and contribute to our shared prosperity.

With that, I support the Demand for Grants for Education.

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय मंत्री जी ।

शिक्षा मंत्री **(**श्री धर्मेन्द्र प्रधान**) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने शिक्षा विभाग की इस चर्चा को सभागृह में सफलता के साथ चलने की अनुमति दी । डिमांड फॉर ग्रांट्स में एजुकेशन पर बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में सर्वसम्मति से निर्णय करके आज सफल चर्चा हुई है । कुल 44 ऑनरेबल एमपीज़ ने इसमें अपने बहुमूल्य सुझाव दिए, अपने विचार रखे । उन्होंने आलोचना की, समालोचना की, शायद यह अच्छी बात है । प्रजातंत्र में सभी प्रकार के विचारों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए । आपने इस चर्चा के लिए अनुमति दी ।

माननीय अध्यक्ष जी, शिक्षा ऐसा विषय है, जिसमें भारत में सभी परिवारों में इसका संपर्क है । आंगनवाड़ी हो या राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नए सिरे से सोची गई बाल वाटिका की कल्पना हो या शहरों में प्ले स्कूल्स की कल्पना हो । उस आयु से लेकर हायर रिसर्च तक, अध्यक्ष जी, हायर रिसर्च क्यों? शिक्षा एक ऐसा विषय है, जिसमें व्यक्ति जीवन के अंतिम क्षण तक विद्यार्थी बना रहता है, तो फायदा रहता है । इसलिए सभी लोग शिक्षा से जुड़े रहते हैं । भारत जैसे देश में, जिसका आधार ही शिक्षा है, अगर हमें भारत की सभ्यता का मूल्यांकन करना है कि इसकी क्या-क्या खूबियां हैं, अनेक खूबियों में अगर सबसे पहली खूबी कोई आएगी, तो वह भारत की शिक्षा व्यवस्था

आएगी । इसके कारण भारत में संस्कार, भारत में परम्परा, भारत में नवाचार की एक निरन्तर प्रक्रिया जारी रही है । आज इस सदन में सभी मान्यवर सदस्यों ने उसी स्पिरिट को आगे बढ़ाते हुए अपने-अपने प्रजातांत्रिक अधिकार को रखते हुए अपने विचार रखे हैं । मैं सभी का आभार प्रकट करता हूं । विशेषकर हमें यह अच्छा लगा कि इस सदन में जो पहली बार चुनकर आए हैं, वे इस पक्ष से हों या उस पक्ष से हों, जो नए सदस्य आए हैं, मैं उनके विचार सुन रहा था, सभी के विचार आदरणीय हैं, सभी के विचार बड़े उच्च कोटि के हैं । मैं सभी को स्वीकार भी करता हूं । प्रतिपक्ष के कुछ नए सदस्यों ने अपना मत फ्रैंकली रखा । शायद उनको लगा हो कि हम उनको नापसंद करेंगे । मैं आपकी अनुमति से बड़ी विनम्रता से कहना चाहूंगा कि सारे विचार में अच्छाई की आवश्यकता है । मैं सदन को आश्वस्त करता हूं कि निश्चित रूप में हम सभी विचारों को स्वीकार करेंगे और जो समाज और देश के लिए अच्छा होगा, उसके लिए काम करेंगे ।

अध्यक्ष जी, पिछले दिनों 29 तारीख हम लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन रहा । राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का 29 जुलाई, 2024 को हमने चौथा जन्म दिन मनाया है । सभी ने कहा कि 34 सालों के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति सामने आई है । हमारा सौभाग्य है कि इसी क्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन भी देश में चल रहा है । इसके कई सारे फीचर्स हैं । यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति सिर्फ 60 पेज का एक पॉलिसी डॉक्यूमेंट नहीं है । यह भारत के नवनिर्माण के लिए, विश्व के नागरिकों में भाईचारा बढ़ाने के लिए, विश्व की सभी समस्याओं के समाधान का रास्ता आज के दिनों में भारतीय नागरिकों का दायित्व बनता है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति उसका अहम दार्शनिक तत्व है । सर्वसम्मति से आज देश उसे स्वीकार करता है । शायद संविधान सभा के बाद, इसको बहुत विचार-विमर्श करके लाया गया है । हमारा युवाओं का देश है, यह नेशन ऑफ यूथ है, शायद दुनिया में हमें अभी सौभाग्य मिला है कि जितनी दुनिया की आबादी है, युवाओं की जनसंख्या इन दिनों में भारत में सबसे ज्यादा है, जिस समय हम इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन कर रहे हैं ।

महोदय, मैं पहले एक-दो विषय क्लेरिफाई कर देता हूँ और हाउस को आश्वस्त करता हूँ कि पिछले दिनों में जितना वित्तीय प्रबंधन होता था, मैं एक तथ्य आपके सामने जिम्मेदारी के साथ कहता हूँ कि वर्ष 2013-14 में शिक्षा के ऊपर, हाँ यह बात सही है कि कोठारी कमीशन से लेकर अभी की राष्ट्रीय शिक्षा नीति तक सभी ने आग्रह किया कि अच्छा होता कि अगर हम जीडीपी के 6 प्रतिशत तक का शिक्षा के ऊपर खर्चा करते । इसे मैं भी स्वीकार करता हूँ और मैं इसका समर्थन भी करता हूँ ।

महोदय, वर्ष 2013-14 में जीडीपी का 3.84 प्रतिशत खर्चा होता था । अभी तक का जो लेटेस्ट है, जीडीपी के खर्चे में राज्यों के खर्च को भी शामिल करना पड़ता है, इसकी कैलकुलेशन इस तरह से होती है । जो अभी तक पब्लिक डोमेन में वर्ष 2020-21 का एक्चुअल डाटा है, तब तक यानी हमारी सरकार के लगभग 7-8 साल के उपरांत उसकी दर 4.64 है । हम लगभग 6 प्रतिशत पहुँचेंगे, यह हमारा विश्वास है । जिस तरह से देश की अर्थनीति की ग्रोथ हो रही है, जिस तरह से हम एक 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी से लेकर वर्ष 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी की कल्पना कर पा रहे हैं, इसमें कोई दो मत नहीं कि अगर हम शिक्षा पर ज्यादा निवेश करेंगे तभी तो जाकर हम उस लक्ष्य को पूरा कर पाएंगे । मैं मानता हूँ कि यह उस दिशा में शायद हमारा सही प्रयास है । मैं एक और तथ्य वर्ष 2013-14 का राज्य और केन्द्र दोनों के सारे बजट को मिलाकर आपके सामने इस पवित्र गृह में रखता हूँ ।

अध्यक्ष जी, उस समय 4.3 लाख करोड़ रुपये खर्च होता था, जो आज बढ़कर 9.19 लाख करोड़ रुपया हो चुका है । यह नेट ग्रोथ है । इसी साल शिक्षा बजट में 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये खर्च का प्रावधान है । रोजगार के विभिन्न आयामों में लगभग 22 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय व्यवस्था की गई है । महत्वाकांक्षी स्किल डेवलपमेंट

में केंद्र सरकार, राज्य भी अपना अलग खर्च करते हैं, लेकिन केंद्र सरकार 4520 करोड़ रुपये, समूचा 1 लाख 48 हजार करोड़ रुपये की व्यय व्यवस्था इसी साल के बजट में हुई है । यदि मैं आंकड़ों के साथ इसे कंवर्ट करूं तो वर्ष 2013-14 में जितना खर्च होता था और इस साल जितना वित्तीय प्रबंधन हुआ है, उसमें 78 परसेंट की ग्रोथ हॉयर एजुकेशन में । स्कूल एजुकेशन में तब और आज की स्पेंडिंग में 40 परसेंट की ग्रोथ हुई है । इस साल का खर्च और पिछले साल की तुलना में स्कूली शिक्षा में 7 परसेंट और हॉयर एजुकेशन में 8 परसेंट की ग्रोथ हुई है । सदन में ओवेसी जी मौजूद नहीं हैं । वे कोट कर रहे थे कि हॉयर एजुकेशन में कम प्रबंधन हुआ है । ऐसा नहीं है, शायद उनकी जानकारी सुधार लेते तो अच्छा होता ।

अध्यक्ष जी, हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए इस बजट में भरपूर सोचा गया है । शिक्षा को एक्सेसेबल करना, शिक्षा इक्वीटेबल हो, शिक्षा एफोर्डेबल हो, शिक्षा क्वालिटेबल हो और शिक्षा एकाउंटेबिलिटी के साथ रहे, ये पांच पिल्लर शिक्षा व्यवस्था के लिए सोचे गए हैं । शिक्षा की एक्सेसेबिलिटी में एक तथ्य आपके सामने रखना चाहता हूं । जब वर्ष 2013-14 में हम दायित्व में आए तब हमारे सामने यूनिवर्सिटीज की संख्या 760 थी, जिसमें आज के समय तक 54 परसेंट की ग्रोथ हुई है और यूनिवर्सिटीज की संख्या 1168 हो गई है । आज आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि उच्च शिक्षण संस्थानों में काफी वृद्धि की गई है । मैं केवल उच्च शिक्षण संस्थानों की बात नहीं करूंगा । हमारे राजस्थान के मित्र बैठे हैं । वे आदिवासी शिक्षा के बारे में उल्लेख कर रहे थे । मैं एक विषय आपके सामने रखना चाहता हूं ।

अध्यक्ष जी, प्रधान मंत्री जी पीएम-जनमन स्कीम लाए । विशेषकर हमारे देश में जो प्रिमिटिव ट्राइब्स हैं, उनकी संख्या बहुत कम है । उनकी कुल मिलाकर संख्या कुछ लाख होगी । ये वोट को प्रभावित नहीं करते हैं, लेकिन प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार ?सबका साथ, सबका विकास? की बात कहती है । हम जो कहते हैं, उसे करते हैं । मैं उसका एक उदाहरण दूंगा । आज पीएम-जनमन स्कीम में तय किया है कि 500 होस्टल्स उन जिलों में बनाए जाएंगे और इनमें से 119 होस्टल्स का काम शुरू हो गया है । यह आदिवासी शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है । आज इक्विटी के बारे में चर्चा हुई । कई मित्रों ने विशेषकर महिलाओं की शिक्षा के बारे में कहा कि बच्चियों की संख्या घट रही है और यह संख्या बढ़नी चाहिए । मैं कुछ तथ्य आपके सामने रखना चाहता हूं । उच्च शिक्षा में वर्ष 2014-15 को बेस मानते हुए यदि हम वर्ष 2021-22 की तुलना करें तो आज जीआर में बच्चियों की शिक्षा के अंदर 32 परसेंट की ग्रोथ हुई है । इन दिनों में यह सबसे बड़ी उपलब्धि है । हमें आज गौरवान्वित होना चाहिए, आनंदित होना चाहिए कि लड़कियों के पढ़ने में स्टेम एजुकेशन में यदि कहीं बच्चियों के ज्यादा पढ़ने की संख्या किसी देश में ज्यादा है तो वह देश भारत है और इन दिनों 43 परसेंट की ग्रोथ हुई है । एस.सी. स्टूडेंट्स में 44 प्रतिशत की राइज हुई है । उसमें से भी 51 प्रतिशत राइज एस.सी. गर्ल्स स्टूडेंट्स में हुई है । आज के दिनों में एस.सी. गर्ल्स स्टूडेंट्स का पढ़ना बढ़ा है । एस.टी. स्टूडेंट्स में 65 प्रतिशत की राइज हुई है और इन दिनों उसमें 80 प्रतिशत फीमेल स्टूडेंट्स बढ़े हैं । ओबीसी स्टूडेंट्स में 45 प्रतिशत की राइज हुई है और उसमें महिलाओं की संख्या 49 प्रतिशत बढ़ी है ।

अध्यक्ष जी, मैं इंस्टीट्युशन्स की बात कह रहा था । वर्ष 2013-14 में सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईआईआईटी, आइज़र, आईआईएससी जैसी 115 संस्थाएं होती थीं । देश की आज़ादी के बाद सात दशकों में मात्र 115 इंस्टीट्युशन्स थे । प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उसमें लगभग 50 प्रतिशत की ग्रोथ हुई और 42 नए इंस्टीट्युशन्स खुले हैं और आज 157 इंस्टीट्युशन्स देश में काम कर रहे हैं ।

अध्यक्ष जी, हमने इंक्लूसिव एजुकेशन की बात कही । पहले स्कूल शिक्षा में बच्चों को, विशेषकर जो दिव्यांग बच्चे हैं, उनको समझने में बहुत दिक्कत होती थी । हमने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परामर्श के तहत इंडियन साइन लैंग्वेज को डेवलप किया । आजकल आप देख रहे होंगे, सभी सभाओं में, सभी स्कूल्स की पढ़ाई में इंडियन साइन लैंग्वेज को प्राथमिकता दी गयी है । आज के दिनों में दिव्यांग बच्चों के लिए लगभग 27 प्रतिशत स्कूलों तक हमारी कवरेज बढ़ चुकी है ।

अध्यक्ष जी, अभी मेरे मित्र ओवैसी जी कह रहे थे कि बच्चियों की, विशेषकर मुस्लिम बच्चियों के पढ़ने की संख्या घटी है । पर, तथ्य तो ऐसे नहीं कह रहे हैं । मैं आपके सामने इस गृह में इससे संबंधित तथ्यों को रखना चाहता हूं ।

अध्यक्ष जी, ?यूडाइस?, जो स्कूली शिक्षा का आकलन करती है, उसकी रिपोर्ट के तहत, प्राइमरी और अपर प्राइमरी में जो ट्रांजीशन होता है, वह क्लास-V से क्लास-VI में होता है । उस पर हम एक ट्रांजीशन रेट निकालते हैं । आज देश में स्टैण्डर्ड-V से स्टैण्डर्ड-VI जाने में नेशनल एवरेज 93.2 है और मुस्लिम बच्चों में यह रेट 89.3 है । यह लगभग नेशनल एवरेज के नजदीक है । अपर प्राइमरी से सेकण्डरी में जाने में यानी क्लास-VIII से क्लास-IX में जाने में नेशनल एवरेज 88.8 है और मुस्लिम स्टूडेंड्स में यह एवरेज 82.2 है । सेकण्डरी से हायर सेकण्डरी में जाने में नेशनल एवरेज 78.4 है और मुस्लिम स्टूडेंट्स में यह 70.4 है । मेरे मित्र ओवैसी जी बड़े विद्वान हैं । मेरे मित्र ओवैसी जी और बाकी कई मित्रों ने यह कहा । मैं कहता हूं कि मुस्लिम समाज में डर पैदा मत कीजिए ।

महोदय, एक नई माननीय सदस्य आई हैं - इकरा हसन । उनकी सोशल मीडिया में खूब चर्चा है, मैंने उसको देखा है । आज आदरणीय सदस्य के भाषण को भी मैंने सुना । आपकी अनुमति लेकर मैं एक लघु मंतव्य दूंगा । वे बहुत अच्छा बोलीं । मैं सोच रहा था कि जब वे मन से बोल रही थीं तो ठीक बोल रही थीं, लेकिन जब पार्टी वाली चीज़ आ जाती थी तो वे थोड़ा भ्रमित हो जाती थीं । लेकिन, उन्होंने अच्छा बोला, इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं । अभी कहा गया कि मुस्लिम को आप ऐसे क्यों देखते हैं? मैं बताना चाहता हूं कि देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके निर्णय के कारण एक सौभाग्य मिला । अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का गठन वर्ष 1875 में हुआ था । इतने दिनों में अगर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में किसी पहली महिला वाइस चांसलर की नियुक्ति हुई तो इन दिनों हुई, जिनका नाम प्रोफेसर नईमा खातून है । वे उसी यूनिवर्सिटी से पढ़ी हुई हैं, उन्होंने साइकॉलोजी में पी.एच.डी. किया है । उसी जाने-माने प्रोफेसर को इसी सरकार के द्वारा, किसी खैरात के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता के आधार पर वहां नियुक्त किया गया । यह कहा जाता है कि आप आर.एस.एस. के लोगों को ले आते हैं । पर, ऐसा नहीं है । ये आर.एस.एस. की नहीं हैं । अगर योग्यता के आधार पर कोई मुस्लिम महिला आगे बढ़ती है, तो हम सभी को इस पर नाज़ होना चाहिए, गौरव होना चाहिए कि इस सरकार ने निष्पक्ष होकर काम किया है । हमारे मन में किसी से भेदभाव करने की भावना नहीं है, बल्कि यह आपका दृष्टिकोण है, डराने का, भय पैदा करने का आपका एक चश्मा है । इसमें आपका कोई उद्देश्य होगा, पर यह लम्बे समय तक चलने वाली चीज़ नहीं है ।? (व्यवधान)

जावेद भाई, आप हमारे प्रिय हैं, आप बैठिए ।? (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, अभी देश में गुणात्मक शिक्षा सभी का दायित्व है । किसी सदस्य ने कहा कि आप छह साल के बच्चों को पढ़ाते हो, बाकी उसके पहले क्या होगा? अध्यक्ष जी, पहले 10+2 का मॉडल था । दसवीं तक पढ़ेंगे, फिर 11 वीं और 12 वीं करेंगे । मैं मानता हूँ कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए एक

महत्वपूर्ण फैसला किया है । अब पैटर्न होगा ? 5+3+3+4 यानि यह 15 साल हो गया । पहले 12 साल होता था, अभी 15 साल हो गया । क्योंकि साइक्लॉजिस्ट ने और विशेषज्ञो ने यह कहा कि बच्चा आयु आठ तक पहुंचते-पहुंचते उसका मानसिक विकास 85 पर्सेंट पूर्ण हो जाता है । यानि अगर हम उसको क्लास थ्री में शिक्षा की वातावरण में नाच-गाने के माध्यम से, खिलौना के माध्यम से, कहानी के माध्यम से अगर उनको कुछ प्रशिक्षण में जोड़ेंगे, कुछ अनुशासन में जोड़ेंगे तो उनका मानसिक विकास अच्छा होगा । इसीलिए सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अनुशंसा की पालना करते हुए बाल वाटिका की कल्पना की है । बाल वाटिका ? 1, 2, 3 फिर आयु छह से क्लास वन शुरू होती है । सर, इसके कारण हमारे बच्चों की क्रिटिकल थिंकिंग पॉवर आने वाले दिनों में बढ़ने वाला है । यह काम देश में शुरू कर दिया गया है ।

पीएमश्री के बारे में अनेक माननीय सदस्यों ने उल्लेख किया है । पीएमश्री 14,500 स्कूल, 27,360 करोड़ रुपये के अंदर इसको आने वाले दिनों में कई राज्यों में इसका क्रियान्वयन शुरू हो गया है और आने वाले दिनों में उसमें तेज़ी लाई जाएगी ।

अध्यक्ष जी, इन दिनों में महिला शिक्षिकाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है । वर्ष 2013-14 में महिला टीचर्स की संख्या 38.25 लाख होती थी, यह आज लगभग 48.76 लाख हो गए हैं । कई माननीय सदस्यों ने सुझाव दिया कि जब तक शिक्षकों की कैपेसिटी नहीं बढ़ेगी, तब तक ये सारी चीज़ें कैसे होंगी । इस सरकार ने 613 डायट जिलों में हैं, मौजमूदा शिक्षकों की कैपेसिटी बढ़ाने के लिए डायट को सेंटर ऑफ एक्सिलेंस करने के लिए भारत सरकार की ओर से समग्र शिक्षा में वित्तीय प्रबंधन की व्यवस्था की गई है । ऐसे ही हायर एजुकेशन में शिक्षक की कैपेसिटी बढ़े । टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर्स बनें, उसके लिए मालवीय मिशन के नाम पर देश में 117 टीचर्स कैपेसिटी के लिए नया-नया सेंटर्स खोलेंगे । नेशनल प्रोफेशनल स्टैंडर्ड ऍफ टीचर्स के लिए एसओपी निकालमा गया है ।

अध्यक्ष जी, आज के समय में टैक्नोलॉजी एक अहम हिस्सा बन चुका है । पीएम ई-विद्या के तहत देश में डेडिकेट भाषा आधारित टीवी चैनल के माध्यम से दीक्षा, स्वयं, स्वयंप्रभा, समर्थ ऐसे टैक्नोलॉजी के माध्यम से शिक्षा को एकाउंटेबल कराया जा रहा है । यह सब मैं सरकारी स्कूलों और सरकारी कॉलेजों के बारे में कह रहा हूँ ।

अध्यक्ष जी, अकाउंटेबिलिटी के लिए हम लोगों ने अनेक नए-नए उपक्रम शुरू किए हैं । आज आवश्यकता है कि एनईपी के कुछ थ्रस्ट एरिया हैं । अगर मैं उसमें दो चीज़ों का उल्लेख करूं, हमारी शिक्षा को धीरे-धीरे डिग्री बेस्ड एजुकेशन से कॉम्पिटेंसी बेस्ड एजुकेशन की ओर ले कर जाना पड़ेगा । शिक्षा और तालीम दोनों परिपूरक हैं । शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, तालीम उतनी ही महत्वपूर्ण है । स्किल्ड नहीं होंगे तो आज के समय में जो दुनिया में परिवर्तन हो रहा है, उसमें हमारे बच्चे पिछड़ जाएंगे । इसको ध्यान में रखते हुए छठवीं कक्षा से स्किल एजुकेशन को, वोकेशनल एजुकेशन को, एआई, रोबोटिक्स, वीआर, एआर, ब्लाकचेन, आदि इस प्रकार की शिक्षा से ले कर, जिसमें रोज़गार मिल पाएगा, एन्ट्रप्रेन्योरशिप बढ़ पाएगा, ऐसे स्किल्स के प्रमोशन की कल्पना की गई है ।

अध्यक्ष जी, अटल इनोवेशन मिशन इस सरकार की एक नई उपक्रम है । हमारे देश के बच्चों के अंदर इनोवेशन करने की इनहेरेंट कैपेसिटी है । यह उनके डीएनए में है । अगर भारत के बच्चा के हाथ में कुछ भी आए तो उसमें से कुछ बनाने की वह दक्षता रखता है । यह कई बार प्रमाणित हुआ है । इसको विशेष कर स्कूल एजुकेशन की फॉर्मल सिस्टम पर लाया जाएगा । आइसोलेशन में कुछ लैबोरेटरीज़ होते थे, उनको एक मिशन मोड पर अटल इनोवेशन मिशन और अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से एक जन आंदोलन के रूप में स्कूल्स में लागू किया जा रहा है । उसमें मेंटर की व्यवस्था है । उसमें लोकल इंडस्ट्रीज की पार्टिसिपेशन है । नई शिक्षा नीति में इसकी भी एक कल्पना की गई है ।

अध्यक्ष जी, सरकार ने रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर थर्स्ट दिया है । हमारे देश में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन का गठन किया गया है । माननीय प्रधानमंत्री जी उसका स्वयं नेतृत्व कर रहे हैं । हमारे देश में इंडस्ट्री, एकैडमी और पॉलिसी मेकर, इन तीनों लोगों की नेटवर्क ठीक से हो, इसलिए कल भी मैंने राज्य सभा में चर्चा करते हुए एक विशेष रखा । इस पर राज्य सभा ने रूचि लेकर चर्चा की । । समाज जीवन के अनेक प्रमुख लोगों को पढ़ाने की अपने एक दायित्व मानते हैं । उनको फॉर्मल एजुकेशन सिस्टम पर लेकर आना है । टाइम बाउण्ड पीरियड के लिए लेकर आना है, अनुरोध करके लेकर आना है । इस सरकार की एक रणनीति बनानी है । हमने इस पर जोर दिया है ।

अध्यक्ष जी, शिक्षा को जैसे फ्यूचरिस्टिक बनाना है, वैसे ही शिक्षा को जड़ से जोड़ कर भी रखना पड़ेगा । इसे रूटेड करना पड़ेगा । इसका मूल लिंक भाषा होगा । मैं आपको बड़ी विनम्रता के साथ कहूंगा । अभी की राष्ट्रीय शिक्षा नीति और विशेष कर माननीय प्रधानमंत्री जी की आग्रह के कारण उनके वक्तव्यों को मैं उद्धृत करना चाहूंगा । हमारे देश में भाषा को लेकर कई प्रकार के विमर्श हुए हैं । मोदी जी की सरकार इस विषय में बिल्कुल स्पष्ट है । भारत के सभी भाषा राष्ट्रीय भाषा है, चाहे वह तेलुगु हो, मलयालम हो, तमिल हो, पंजाबी हो, उड़िया हो, असमिया हो, बंगाली हो, मराठी हो, गुजराती हो, हिन्दी हो, सिंधी हो, ? (व्यवधान)

ओवैसी जी, निश्चित रूप से इसमें उर्दू भी है । शेड्यूल्ड 22 भाषाएं राष्ट्रीय भाषा है । उसमें संथाली भी आती है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति की स्पष्ट मानना है कि बच्चा अगर क्लास फाइव तक अपनी ही मातृभाषा या अपनी स्थानीय भाषा में पढ़ेगा, तब उसकी क्रिटिकल थिंकिंग की शुरुआत होगी । वह क्लास 8 तक अपनी मातृभाषा में पढ़े तो और अच्छा है । लेकिन, वह क्लास 5 तक पढ़े तो यह उसकी एक प्रकार से प्रमुख सिफारिश है । मैं इस सदन को आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे देश के बच्चों को वैश्विक नेतृत्व लेने के लिए यह जरूरी है । ग्लोबल लीडरशीप और ग्लोबल रेस्पॉन्सिबिलिटी के लिए ज्यादा बच्चे इनोवेटर बनेंगे । ज्यादा बच्चे वेल्थ क्रिएटर बनेंगे, वे आन्त्रप्रिन्योर बनेंगे, तब जाकर हम एक सुपर पावर बन पाएंगे । इसीलिए, हमारी भाषा को महत्व देना इस शिक्षा नीति का एक प्रमुख उद्देश्य है ।

महोदय, इन दिनों बहुत सारे लोकल लैंग्वेज के बारे में भारत सरकार ने प्राइमर बनाया है । आज तक भारत के 77 स्थानीय भाषा में, भारत सरकार की एनसीईआरटी ने प्राइमर्स बनाया है ।

अध्यक्ष जी, आज चाहे जेई हो, नीट हो, सीयूटी हो, आज ऐसे 13 स्थानीय भाषाओं में परीक्षा हो रही है । अभी हमारे कुछ मित्रों ने एक विषय उठाया है । शायद उनके विषय के बारे में मेरे पास कोई शब्द नहीं आ रहा है । अभी बड़ी आक्रमकता के साथ उन्होंने ने कहा कि आप सभी चीजों को एक आइडियोलॉजिकल एंगल से देखते हैं ।

अध्यक्ष जी, ऐसा नहीं है । भारत के ज्ञान-परंपरा पर आधारित हमारी शिक्षा नीति बने । मैं इस सदन में एक विषय को फिर से उठाऊंगा, पहले भी कई बार दोहराया हूं, आज भी आपकी अनुमति से दोहराऊंगा । हम सभी लोगों को एक चीज को भूलना नहीं चाहिए । वर्ष 1835 में भारत में उस समय के प्रशासक जो शिक्षा देते हैं, मैकाले ने ब्रिटिश पार्लियामेंट में क्या भाषण दिया था । उन्होंने कहा था कि भारत एक अद्भूत देश है । भारत को ऐसे नहीं जीता जा सकता है ।

भारत में कई सारी विषयों में मूलभूत धारणाएं कुछ अलग हैं । जब तक हम उसकी संस्कृति को मटियामेट नहीं करेंगे, जमीन तक लेकर नहीं आएंगे, तब तक भारत को जीतना संभव नहीं है । इसलिए, भारत की शिक्षा व्यवस्था को हमें नष्ट करना पड़ेगा, एक पाश्चात्य ढांचे को हमारे ऊपर थोपना चाहिए । ऐसा मैकाले की रिकमेंडेशन है । हमें 21 वीं सदी में भारतीयता के ऊपर, अगर अनुमति दें तो मेरी बहन कनिमोझी जी हास्य कर

रही हैं, मैं उनको बताना चाहूंगा कि भारतीयता का अर्थ क्या है । तिरुक्कुरल को सभी भाषाओं में पढ़ाना मेरे लिए भारतीयता है, शायद आप उससे सहमत होंगी । तिरुवल्लुवर के साहित्य को देश भर में ले जाना शायद यह मेरे लिए भारतीयता है ।

माननीय अध्यक्ष **:** इससे तो वे खुश हो जाएंगी । दूसरी आपने बोल दी, तो नाराज हो जाएंगी ।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान**:** अध्यक्ष जी, वास्तव में कोई भेद नहीं है । भेद राजनीतिक कारण से है ।

**SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI:** We are saying to make it a national book.

**SHRI DHARMENDRA PRADHAN:** We are doing that. Hon. Member, you must know we are exactly doing that.

मैं अभी श्री अरबिन्दो जी को कोट करना चाहता हूं । मेरे मित्र ओवैसी जी आ गए हैं, अच्छा लगा । ओवैसी जी के साथ रहने से थोड़ा अच्छा लगता है । श्री अरबिंदो शिक्षा के बारे में कहते हैं, श्री अरबिंदो जी को मैं कोट करता हूं ।

?Education should be in accordance with the needs of modern life but include the core ideals and methods by initiating education?.

अध्यक्ष जी, इसमें क्यों चिंता होनी चाहिए? इसमें क्या ऑइडियोलॉजी है । अगर मैं तिरुक्कुरल की बात कहूं, अगर मैं तिरुवल्लुवर की बात करुं, अगर मैं श्री अरबिंदो की वैश्विक कल्पना को सामने रखूं, यह तो कोई आइडियोलॉजी नहीं है ।

माननीय अध्यक्ष **:** कोई भी दल की सरकार आइडियोलॉजी से आती है न, विचाराधारा को लेकर चलते हैं न ।

श्री असादुद्दीन ओवैसी **:** भारत का संविधान आइडियोलॉजी है । दूसरी आइडियोलॉजी काम नहीं करेगी । संविधान आइडियोलॉजी है । मेरी आइडियोलॉजी इसमें क्या काम आएगी? मैं संविधान की ओथ ले रहा हूं । गोलवलकर की आइडियोलॉजी काम नहीं आएगी न । ?(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** निशिकांत जी, आप बोलिए ।

? (व्यवधान)

डॉ**.** निशिकान्त दुबे **:** सारी पॉलिटिकल पार्टीज़ अपना घोषणा पत्र लेकर जनता के सामने जाती हैं और जनता विचारधारा के आधार पर उसको वोट करती है और उसी को इंप्लीमेंट करना उस सरकार का काम है, जो उस विचारधारा पर जीतकर आई है । ? (व्यवधान) हम संविधान को मानते हैं, यही कहते हैं । संविधान में सभी पॉलिटिकल पार्टीज़ की आस्था है । ?(व्यवधान) संविधान अलग है, आइडियोलॉजी अलग है ।

माननीय अध्यक्ष **:** मंत्री जी जो विषय रख रहे थे, राजनीतिक आइडियोलॉजी की बात कर रहे थे । लालजी वर्मा जी, क्या आप कुछ कहेंगे?

श्री लालजी वर्मा **(**अम्बेडकर नगर**) :** ? (व्यवधान) जो संविधान की भी विचारधारा है ।

माननीय अध्यक्ष **:** संविधान की विचारधारा की बात नहीं हो रही है । संविधान की विचारधारा तो एक ही है ।

श्री लालजी वर्मा **:** संविधान के अनुसार हम चलेंगे । संविधान की जो मूल भावना है, उसको हम विकृत नहीं करेंगे । वही हमारा उद्देश्य होना चाहिए ।

माननीय अध्यक्ष **:** कभी संसद ज्ञानवान भी होती रहनी चाहिए ।

डॉ**.** संबित पात्रा **:** अध्यक्ष महोदय, आपने कहा कि सभी पार्टियां अपनी-अपनी विचारधारा को लेकर जनता के बीच में जाती हैं । अपनी विचारधारा के माध्यम से चुनकर आती हैं । जनता जनार्दन है । मैं इसका समर्थन करता हूं । इसके पीछे का मूल भाव है कि संविधान समुद्र है । वह महासमुद्र है, जिसमें सारी आइडियोलॉजीज़ आकर समाहित होती हैं । चाहे हमारी आइडियोलॉजी हो, चाहे उनकी आइडियोलॉजी हो, उनको अंततोगत्वा समाहित समुद्र में ही होना पड़ेगा ।

माननीय अध्यक्ष **:** दुनिया में भारत का एक ऐसा संविधान है, जिसमें सभी जातियों, धर्मों और भाषाओं की मान्यता है । यह ताकत भारत के संविधान में है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं आपको मौका दूंगा ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप क्या बोलना चाहती हैं? कनिमोझी जी, आप बोलिए ।

**SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI:** Sir, there was a time when women were not allowed to be educated. It was much before when the British came here. There was a time when all the communities were not allowed to be educated. So, we should not go back to that period ? (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: शिक्षा लेने का कहां अधिकार नहीं था?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप सब बैठ जाइए, मंत्री जी जवाब देंगे ।

**SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI :** Please read Manusmriti ? (*Interruptions*) My grandmother was not allowed to go to the college ? (*Interruptions*) I am not talking about the Constitution ? (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: भारत के संविधान में धर्म और लिंग के आधार पर शिक्षा का बंटवारा कभी नहीं किया है । तमिलनाडु में किया हो मुझे नहीं पता ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप अपनी बात पूरी कर लें । आपने कहा कि आपकी ग्रैंड मदर को विद्यालय जाने से रोका । सामाजिक रूप से अलग-अलग प्रदेशों में इस विषय को लेकर आंदोलन हुए थे । लेकिन संविधान के अंदर हमेशा हम संविधान से चलते हैं । संसद संविधान से चलती है । संविधान में कभी किसी को रोकने का अधिकार नहीं रहा, डिबेट में भी नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: वर्ष 1952 से पहले हमने अंग्रेजों लड़ाई इसीलिए तो लड़ी है ।

**SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI:** Dr. Baba Saheb Ambedkar said that caste is not the division of labour; it is a division of labourers. We should remember that. I am not saying that today the House does not run as per the Constitution. But there were days when caste system was the rule of the land. We cannot go back to that period. Today, the Constitution upholds social justice.

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री**;** तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री **(**श्री अर्जुन राम मेघवाल**) :** अध्यक्ष महोदय, राजनीतिक दल विचारधारा पर आधारित बने हैं, संसार में भी बनते हैं । शासन संविधान के अनुसार चलता है ।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान **:** अध्यक्ष जी, आप परंपरा की नई मिशाल भी खड़ी कर रहे हैं । शायद हाऊस इसीलिए है कि एक अच्छा विषय पर पक्ष और विपक्ष रहे, चर्चा हो । उसमें से कुछ अमृत निकलना ही निकलना है । डेमोक्रेसी की यही शर्त है ।

माननीय अध्यक्ष: भारत के अंदर ही डेमोक्रेसी से आज 400 करोड़ रुपये से 48 लाख करोड़ रुपये के बजट तक बढ़े हैं ।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान**:** अध्यक्ष जी, आदरणीय सदस्यों को एक बात याद दिलाना चाहता हूं । मेरी इच्छा है कि मैं तमिलनाडु की भाषा को पढ़ूं और समझूं, सभ्यता को और जानूं । इस संसद की जब नींव रखी गयी थी । माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक भाषण दिया था, आप भी उस समय मंच पर उपस्थित थे । प्रधानमंत्री जी ने कहा कि विश्व में प्रजातंत्र के बारे में कई धारणा है । भारत प्रजातंत्र की जननी है । भारत में कब प्रजातंत्र के बारे में सोचा गया? तमिलनाडु के तंजावुर में चौथी सदी में उन दिनों पंचायती व्यवस्था कैसी रहेगी और पंचायत में अगर कोई प्रतिनिधि या चुने हुए व्यक्ति कोई गड़बड़ी किया तो उसे निकालना कैसे है? उसका भी एसओपी उस शिलालेख में लिखा गया था । यह मेरी भारत की सभ्यता है । इसी को लेकर मैं गौरव कर रहा हूं ।

दूसरी बात महिलाओं के बारे में कही गयी । मैं जिस प्रांत से आता हूं, वह मेरे महाप्रभु का प्रांत है । मेरा परिचय महाप्रभु जगन्नाथ हैं । महाप्रभु जगन्नाथ जी की धर्म पत्नी महालक्ष्मी हैं । पन्द्रहवीं सदी में महालक्ष्मी माँ की एक लोक कथा है । महाप्रभु जगन्नाथ जी और उनके बड़े भाई जात-पांत की बात की । महालक्ष्मी जी को यह बात पसंद नहीं आयी । महालक्ष्मी किचन की इंचार्ज थी, उन्होंने घर छोड़ कर किचन बंद कर दिया तो उनको भूखों रहना पड़ा, फिर उन्होंने माफी मांगी । महाप्रभु ने अपनी धर्मपत्नी से माफी मांगा कि हमें माफ करो, हम जात-पांत की बात नहीं करेंगे । पन्द्रहवीं सदी की मेरे यहां के फिलॉस्फर बलराम दास जी ने लिखा है । मेरी सभ्यता में महिलाओं को महिमामंडन किया है । मैं अर्धनारीश्वर का पूजक हूं । यहां भगवान शिवजी की फोटो दिखायी गई

थी । सम्बित पात्रा ने याद दिलाया था । शिव भगवान के आधे पार्वती और आधे शिवजी हैं । इसका अर्थ है कि मेरी सभ्यता अर्धनारेश्वर की पूजा करती है । यही मेरी आइडियोलॉजी है । ? (व्यवधान)

श्री असादुद्दीन ओवैसी **:** यह तो कांग्रेस की बात कर रहे हैं । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** आप किसी की मदद न करें ।

? (व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान**:** माननीय अध्यक्ष जी, इस सदन में शिक्षा पर चर्चा करते हुए कहा गया ? (व्यवधान)

श्री असादुद्दीन ओवैसी **:** क्या आप कांग्रेस से मिले हुए हैं? ? (व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान**:** देश के लिए मिले हैं । हम तो देश का विकास करने के लिए आपको तो नेता बनाना चाहते हैं । ? (व्यवधान) आप आगे बढ़ो । इसकी चिंता मत करो । ? (व्यवधान) हम देश को आगे ले जाने के लिए हैं । ? (व्यवधान) आपके मन में द्वेष है, आपके मन में असहिष्णुता है । ? (व्यवधान) मेरे मन में कुछ नहीं है, मेरे नेता के मन में कुछ नहीं है । ? (व्यवधान) हम बिरादरी के लोग हैं । ? (व्यवधान) देश को आगे बढ़ाने के लिए कुछ भी करेंगे ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** औवेसी जी, आप बोलिए ।

? (व्यवधान)

श्री असादुद्दीन ओवैसी **:** किसी ने कहा था ? लोग तुम्हारी दुश्मनी से डरते हैं, मैं तुम्हारी दोस्ती से डरता हूं । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** यही तो सदन है ।

? (व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान**:** माननीय अध्यक्ष जी, उच्च शिक्षा विभाग में सामाजिक न्याय के बारे में चर्चा की गई । लालजी वर्मा जी, देश के सामाजिक और न्याय आंदोलन के एक अच्छे कार्यकर्ता हैं, मैं उनको सालों से जानता हूं । हमारा व्यक्तिगत परिचय अभी हुआ है । मैं आज बड़ी जिम्मेदारी के साथ एक तथ्य आपके सामने रखना चाहता हूं । वर्मा जी, कुछ विषयों में सत्य को भी स्वीकार करना चाहिए । अध्यापक पद निरंतर खाली होते रहते हैं । रिटायर हो जाते हैं और फिर नए लोगों को भरना पड़ता है । इन दिनों में यानी पिछले दो सालों हमारी सरकार ने लगभग 39,315 अध्यापक और नॉन-टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति की है ।

मैं एक नीतिगत बात कहना चाहता हूं । मैं सदन के सामने सब सदस्यों से कहना चाहता हूं, सब लोग बड़े आग्रह से कहते हैं और गिनाते हैं कि एससी की इतनी पोस्ट खाली हैं, एसटी की इतनी पोस्ट खाली हैं, ओबीसी की इतनी पोस्ट खाली हैं । साहब, ये पोस्ट कब से खाली हैं? किसी माननीय सदस्य ने कहा, नॉट फाउंड स्यूटेबल कोटा लगा देते हैं । सर, इस व्यवस्था को बंद किसने किया? माननीय प्रधान मंत्री जी ने दायित्व लिया । देश प्रधान मंत्री जी वर्ष 2019 में कानून लाए ?The Central Education Institutions (Reservation in Teachers? Cadre) Act, 2019. इसमें पहली शर्त है कि नॉट फाउंड स्यूटेबल वाली व्यवस्था रहेगी ही नहीं ।

अगर कैंडीडेट नहीं मिलता है । ? (व्यवधान) लालजी वर्मा जी, मैंने आपको इतने आदर से कह रहा हूं, डेमोक्रेसी को थोड़ा तो प्रेम करिए । मैं आपकी सारी बात सुन लूंगा, मैं चर्चा करूंगा । पहले आप तथ्य को सुनिए ।

साहब, हमने इसे खाली रखा है । पिछले दिनों क्या होता था? एससी, एसटी, ओबीसी के नाम पर पोस्ट रहती थी, एक बार इंटरव्यू के लिए कॉल किया, दो बार इंटरव्यू का नोटिस दिया और तीसरी बार नॉट फाउंड स्यूटेबल करके जनरल कैटेगिरी की पोस्ट भर देते थे । माननीय मोदी जी की सरकार के आने के बाद इसे खाली रखा । हम इसे भरेंगे । पहले असस्टिेंट प्रोफेसर की पोस्ट के लिए पीएचडी अनिवार्य थी । हमने पीएचडी की अनिवार्यता को खत्म किया । यह सब रातोंरात नहीं होता है ।

मैं दूसरा उदाहरण देता हूं, पहले 15 परसेंट कोटा नीट यूजी में रहता था । रिजर्वेशन की व्यवस्था तो संविधान प्रदत्त है और कई सालों से है । लाल जी साहब, क्या इसमें ओबीसी विद्यार्थियों के लिए कोई कोटा था? वर्ष 2021 में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार देश में मेडिकल शिक्षा में 27 परसेंट आरक्षण रखा । ? (व्यवधान) ज्योति जी, मेरी बहन, आप चुप बैठ जाएं । ? (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, यह सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्धता वाली सरकार है । हम भाषण नहीं देते हैं । हम सामाजिक न्याय में एक परिवार के न्याय को आगे बढ़ाने वाले लोग नहीं हैं । हम सामाजिक न्याय में दलित, वंचित, गरीब, महिला आदि लोगों का दायित्व लेने वाले लोग हैं । हमने इसे करके दिखाया है । ? (व्यवधान)

**20.00 hrs**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय मंत्री जी, एक मिनट । माननीय सदस्यगण, यदि सभा की सहमति हो, तो सभा की कार्यवाही मंत्री जी के रिप्लाई के बाद, जिनके लिस्टेड शून्यकाल निकले थे और नहीं हो पाए थे, उनके लिए एक घंटे का समय दिया जाएगा । बाकी बचे शून्यकाल को बढ़ा दिया जाएगा । अभी 9 बजे तक कार्यवाही बढ़ाई जाती है । निशिकांत जी, सबसे अंतिम में आपका ही जीरो आवर लेंगे ।

? (व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान **:** अध्यक्ष जी, हमारे हाउस के वरिष्ठ सदस्य, सौगत दा अभी नहीं हैं । सौगत दा की आलोचना की एक शैली है । मैं उसको स्वीकार भी करता हूं और स्वागत भी करता हूं । मैं ओडिशा का हूं, अगर मैं उनको नहीं पहचानूंगा तो कौन पहचानेगा? हम ओड़िया लोग उनको ठीक से पहचानते हैं कि वह कैसे बात करते हैं, क्यों बात करते हैं, व्यक्ति को ऊंचा करते हैं, नीचा करते हैं, हम ओड़िया लोग सब जानते हैं । उन्होंने कहा कि आप इंस्टीट्यूशन बरबाद करते हैं । दादा के राज्य में ही देश का बहुत बड़ा इंस्टीट्यूशन था, जिसका नाम जादवपुर यूनिवर्सिटी था । भारत सरकार ने उसको इंस्टीट्यूट ऑफ इमिनेंस की मान्यता दी । यह मान्यता मिलने से पूरे एक हजार करोड़ रुपये भारत सरकार से मिलते हैं । आपने क्यों मना किया लेने से? हमने तो कोई शर्त नहीं रखी थी । आपको योग्य माना । आपने क्यों नहीं लिया । पिछले साल जादवपुर यूनिवर्सिटी में एक ग्रामीण इलाके के बच्चे की रैगिंग करने से उसकी जान जाने तक की नौबत आई । क्या कोलकाता की पुलिस उस कैंपस में घुस पाई? आप दुनिया को ज्ञान बांटते हैं । आपकी नाक के नीचे जादवपुर यूनिवर्सिटी में क्या हुआ, कभी आपने देखा? ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय मंत्री जी, आप उनको जवाब मत दीजिए ।

? (व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : यह तो अच्छा तरीका है । आप कुछ प्रश्न उठाएंगे, उनके उत्तर देने से आप कहेंगे कि धनमंडल में क्या हुआ? भारत सरकार विद्यार्थियों हेतु नए-नए उपक्रम ला रही है । एक भारत, श्रेष्ठ भारत का कार्यक्रम चालू हो रहा है । युवा संगम के नाम पर देश के हर-एक राज्य का विद्यार्थी, तमिलनाडु के विद्यार्थी जम्मू-कश्मीर जाते हैं । गुजरात के विद्यार्थी सिक्किम जाते हैं । राजस्थान के कुछ विद्यार्थी मेरे राज्य ओडिशा में आए थे । उनसे मिलने का सौभाग्य मुझे मिला । एक लड़का उसमें था, जिसने जिंदगी में दरिया कभी नहीं देखा था, समंदर नहीं देखा था । ओडिशा के बच्चे जो राजस्थान आए थे, उन्होंने कहा कि हम इंतजार करते थे कि शाम कब होगी? हमारे यहां शाम साढ़े पांच बजे हो जाती है । सूर्यास्त साढ़े पांच-छ: बजे तक हो जाता है । साढ़े सात-आठ हो गए, लेकिन यहां शाम को सूर्यास्त नहीं हो रहा है । ऐसे अनुभव युवा संगम में हमारे देश के बच्चों को हमारे शिक्षा विभाग ने दिलवाए ।

सर, अब परीक्षा में तनाव घटे, यह हटे, यह सभी अभिभावकों की प्रायॉरिटी है । पिछले 5-6 सालों में निरंतर और कोई नहीं, एक गार्जियन, एक पिता, एक बड़े भाई के नाते, एक दादा के नाते देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पर चर्चा में बच्चों से गपशप करने के लिए आते हैं । उसमें भी कुछ लोगों को सहिष्णुता नहीं है । वे मजाक करते हैं । अगर घर के बड़े बच्चों से आदर से बात करें, तो क्या वे मजाक के पात्र होंगे? क्या यही हमारी सभ्यता है? जिनके संस्कार जैसे हैं, वे वैसी ही बात करेंगे । 10 वीं और 12 वीं के बोर्ड एग्जाम होते हैं । राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने परामर्श दिया है कि बोर्ड एग्जाम को दो बार करें । वर्ष 2025-26 से इस देश में राज्य के सीबीएससी बोर्ड से हम अनुरोध करेंगे कि दो बोर्ड एग्जाम लेने के लिए एक मूल सर्वशिक्षा को सुधारें, यह मैं मानता हूं ।

अध्यक्ष जी, हमें 21 वीं सदी की चुनौतियों को समझना है । भारत युवाओं का देश है, भारत ज्ञान आधारित देश है । भारत की नियति में एक बड़ी अर्थनीति बनना तय है । भारत सिर्फ अपने लिए सोचने वाला देश नहीं है । विश्व बंधुत्व की कल्पना वाला देश भारत है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 और इस बार का वित्तीय प्रबंधन उस दिशा में एक बड़ा कदम है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं विनम्रता के साथ आपका आभार प्रकट करता हूं कि ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर आपने सभी माननीय सदस्यों की आलोचना, परामर्श, समालोचना को स्थान दिया । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष**:** आज जापान के महामहिम स्पीकर आए थे । जब उनसे हमारी चर्चा हो रही थी तो उन्होंने आग्रहपूर्वक कहा कि भारत के नौजवानों की बौद्धिक क्षमता बहुत बेहतर है । इसलिए, आईआईटीयन, जो स्किल करने वाले हैं, हम अधिकतम बच्चों को जापान में और जापान के बाद भारत में कहीं न कहीं नौकरी देना चाहते हैं । इस तरह से भारत की ताकत बढ़ती जा रही है ।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि दुनिया में मैं जितने देशों में गया हूं, उन दुनिया के देशों में भारत के नौजवानों की बौद्धिक क्षमता, उनके इनोवेशन की क्षमता, उनका चिंतन और उनके विचार के कारण भारत की ताकत दुनिया में बढ़ रही है । यह हमारी शिक्षा का महत्व है ।

श्री नीरज मौर्य **(**आंवला**) :** अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । शिक्षा का इतना महत्व है, इसके बारे में अभी माननीय मंत्री जी ने सबको बताया । हम उत्तर प्रदेश से आते हैं । उत्तर प्रदेश के अंदर आज भी ऐसे गाँव हैं, जहां पर स्कूल नहीं पहुंचे हैं । ? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से एक आग्रह करूंगा कि उत्तर प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों को देखकर, उनकी व्यवस्था कैसे सुधरेगी, उसके बारें में जरूर ध्यान दें । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** ओके । माननीय सदस्यगण, शिक्षा मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों पर श्री राजेश रंजन और श्री हनुमान बेनीवाल जी के द्वारा अनेक कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं । मैं अब सभी कटौती प्रस्ताव को सभा के मतदान के लिए रखता हूं ।

<u>कटौती प्रस्ताव मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए</u>

माननीय अध्यक्ष **:** अब मैं शिक्षा मंत्रालय से संबंधित वर्ष 2024-25 की अनुदान मांगों को सभा के मतदान के लिए रखता हूं ।

प्रश्न यह है:

?कि कार्य-सूची के दूसरे स्तम्भ के मांग संख्या 25 और 26 के सामने प्रविष्ट मांगों के शीर्षों के संबंध में 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान होने वाले खर्चों के भुगतान करने के निमित्त अथवा के उद्देश्य से, संबंधित धनराशियां, जो कार्य-सूची के तीसरे स्तंभ में दिखाई गई राजस्व लेखा तथा पूंजी लेखा की रकमों से अधिक न हों, भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को लेखे पर प्रदान की जाए ।?

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।</u>

_____